# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, सोमवार
28 अप्रैल 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 59 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


# कानपुर के अपर आयुक्त राज्य कर शशांक शेखर हटाए गए

## टैक्स चोरी से जुड़ी शिकायतों के बाद हुई कार्रवाई



लखनऊ। कानपुर के अपर आयुक्त राज्य कर शशांक शेखर को शासन ने हटा दिया है। टैक्स चोरी से जुड़ी शिकायतों और विभाग में आरोप-प्रत्यारोप के बाद यह कार्रवाई की गई। अब इनकी जगह केस्को के एमडी को अतिरिक्त चार्ज दिया गया है।

उत्तर प्रदेश में शासन ने कानपुर के अपर आयुक्त (ग्रेड-1) राज्य कर शशांक शेखर द्विवेदी को मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है। उनकी जगह पर केस्को के प्रबंध निदेशक आईएएस सैमुअल पाल एन को प्रभार दिया गया है। पहली बार यह जिम्मेदारी एक आईएएस अधिकारी को दी गई है।

राज्य कर विभाग को टैक्स चोरी को लेकर कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद, आगरा, मथुरा, वाराणसी और लखनऊ समेत कई जिलों से शिकायतें मिली हैं। सूत्रों के अनुसार कानपुर राज्य कर विभाग में लंबे समय से शीर्ष अधिकारियों में आपसी खींचतान चल रही है। इन्हीं शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए अपर आयुक्त ग्रेड वन ने विभाग में तैनात एक अधिकारी के खिलाफ जांच के आदेश दिए थे।

**मुख्यालय से अटैच कर दिया गया**

टैक्स चोरी से जुड़ी इस जांच में नीचे से ऊपर तक के कई अधिकारी फंस रहे थे। इस वजह से विभाग में अधिकारी दो गुटों में बंट गए और एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने लगे। ऐसी ही शिकायतों के आधार पर अपर आयुक्त ग्रेड वन शशांक शेखर द्विवेदी को मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है।

# 'पहलगाम हमले के दोषियों को बख्शेंगे नहीं, पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा'

## 'मन की बात' में मोदी




नई दिल्ली । प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि 'जम्मू कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हो रही थी और लोगों की कमाई बढ़ रही थी, लेकिन देश के दुश्मनों को और जम्मू कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। आतंकी चाहते हैं कि कश्मीर फिर से तबाह हो जाए।'

'मन की बात' कार्यक्रम में पीएम मोदी ने एक बार फिर से पहलगाम हमले को लेकर दुख जताया और साथ ही पहलगाम के दोषियों को कड़ी सजा देने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि 'पहलगाम की घटना ने देशवासियों को पीड़ा पहुंचाई है और इसे लेकर देशवासियों के मन में गहरी पीड़ा है। लोग पीड़ित परिजनों के दर्द को महसूस कर सकते हैं। हर भारतीय का खून आतंक की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी और लोकतंत्र मजबूत हो रहा था। पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हो रही थी और लोगों की कमाई बढ़ रही थी, लेकिन देश के दुश्मनों को और जम्मू कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। आतंकी चाहते हैं कि कश्मीर फिर से तबाह हो जाए। इस मुश्किल वक्त में 140 करोड़ देशवासियों की एकता सबसे बड़ा आधार है।'

**प्रधानमंत्री बोले- पीड़ितों को न्याय मिलेगा, मिलकर रहेगा**

पीएम मोदी ने कहा कि 'हमें इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है। हमें एक दृढ़ राष्ट्र के रूप में अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत करना है। भारत के लोगों में जो आक्रोश है, वो पूरी दुनिया में हैं। इस आतंकी हमले के बाद दुनियाभर से लगातार संवेदनाएं आ रही हैं। कई राष्ट्राध्यक्षों ने मुझे भी फोन करके पहलगाम की घटना पर दुख जताया है। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सभी ने कठोर निंदा की है। पूरा विश्व आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश के साथ खड़ा है। मैं पीड़ित परिवारों को भरोसा देता हूं उन्हें न्याय मिलेगा...और न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।'

**बिहार की धरती से भी पीएम मोदी ने दी थी आतंक के आकाओं को चेतावनी-** इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते गुरुवार को बिहार की एक जनसभा में भी पहलगाम हमले के दोषियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि 'आज बिहार की सरजमीं से मैं पूरी दुनिया से यह कहना चाहता हूं कि भारत इन लोगों की पहचान करेगा, उन्हें ढूंढेगा और हर आतंकी तथा उनकी मदद करने वालों को सजा देगा। हम उन्हें पृथ्वी के अंतिम छोर तक खदेड़ देंगे।

शेष पेज 2 पर

# खुफिया विफलता का नतीजा, पहलगाम हमले को लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना



**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा, 'यह (पहलगाम हमला) सरकार की विफलता है। यह खुफिया विफलता का नतीजा है। वहां उचित सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी और सेना वहां नहीं पहुंच सकी। अब लोग पहलगाम के साथ पुलवामा की भी बात कर रहे हैं। इस मुद्दे पर हुई सर्वदलीय बैठक के बारे में उन्होंने कहा, पार्टी ने बैठक में जो कहना था, कह दिया है।'

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पहलगाम आतंकी हमले को भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार की विफलता करार दिया। उन्होंने भाजपा पर महत्वपूर्ण मुद्दों को सुलझाने के बजाय दुष्प्रचार को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। इसके साथ ही उन्होंने आतंकी हमले के प्रत्येक पीड़ित के परिवार को 10 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और एक सरकारी नौकरी देने की मांग की।

शेष पेज 2 पर

# एनआईए ने हमले के चश्मदीदों से की पूछताछ

## हर बिंदु पर बारीकी से हो रही छानबीन



**दिल्ली** । अधिकारियों ने बताया कि घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने के लिए चश्मदीदों से बारीकी से पूछताछ की जा रही है। एनआईए आतंकियों के प्रवेश और निकास बिंदुओं की बारीकी से जांच कर रही हैं।

पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपी गई है। रविवार को एजेंसी के एक पुलिस महानिरीक्षक, एक पुलिस उपमहानिरीक्षक और एक पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में गठित टीमों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बायसरन घाटी में हुए हमले के चश्मदीदों से पूछताछ कर रही हैं। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के बाद एजेंसी ने पहलगाम आतंकी हमला की जांच शुरू की है।

अधिकारियों ने बताया कि घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने के लिए चश्मदीदों से बारीकी से पूछताछ की जा रही है। एनआईए आतंकियों के प्रवेश और निकास बिंदुओं की बारीकी से जांच कर रही है। फोरेंसिक और अन्य विशेषज्ञों की सहायता से टीमें पूरे क्षेत्र की गहन जांच कर रही हैं, ताकि आतंकी साजिश का पदार्फाश किया जा सके। टीमें बुधवार से ही हमले वाली जगह पर डेरा डाले हुए हैं।

हमले के बाद से पूरी कश्मीर घाटी में 63 आतंकी ठिकानों पर छापे मारे गए और 1,500 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। अकेले अनंतनाग से ही करीब 175 संदिग्ध पकड़े हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने श्रीनगर समेत कई अन्य जगहों पर भी आतंकियों व उनके समर्थकों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापे मारकर संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इस बीच, जम्मू-कश्मीर में सक्रिय 14 स्थानीय आतंकियों की सूची जारी की गई है। ये आतंकी पाकिस्तानी दहशतगर्दों को रसद व जमीनी सहायता के अलावा सुरक्षित पनाह भी मुहैया कराते हैं। इनमें तीन हिजबुल मुजाहिदीन, आठ लश्कर और तीन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैं।

अधिकारियों ने बताया, शुक्रवार रात पुलवामा, शोपियां व कुलगाम में आतंकियों के घर ध्वस्त किए गए। पुलवामा के मुरान में अहसान उल हक शेख का घर ढहाया गया। 2018 में पाकिस्तान में प्रशिक्षण लेने वाले अहसान ने हाल में घुसपैठ की थी। शोपियां के छोटीपोरा में लश्कर के शीर्ष कमांडर शाहिद अहमद कुट्टे का घर ध्वस्त किया गया। तीन-चार वर्षों से सक्रिय कुट्टे कई वारदातों में शामिल रहा है।

शेष पेज 2 पर

# पाकिस्तान के मंत्री ने खुलेआम भारत को परमाणु हमले की धमकी दी



**दिल्ली** ।अब्बासी ने कहा कि अगर भारत सिंधु जल संधि को निलंबित करके पाकिस्तान की जल आपूर्ति को रोकने की हिम्मत करता है, तो उसे युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर वे हमें पानी की आपूर्ति बंद कर देते हैं, तो उन्हें युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। हमारे पास जो सैन्य उपकरण हैं, जो मिसाइलें हैं, वे प्रदर्शन के लिए नहीं हैं।'

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बरकरार है। इस बीच पाकिस्तान के मंत्री हनीफ अब्बासी ने भारत को परमाणु हमले की धमकी देकर तनाव को और बढ़ा दिया है। अब्बासी ने साफ कहा कि पाकिस्तान के परमाणु हथियार दिखावे के लिए नहीं हैं।

अब्बासी ने कहा कि अगर भारत सिंधु जल संधि को निलंबित करके पाकिस्तान की जल आपूर्ति को रोकने की हिम्मत करता है, तो उसे युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए।

शेष पेज 2 पर

## अरब सागर में भारतीय नौसेना का शक्ति प्रदर्शन

# एंटी-शिप मिसाइल फायरिंग का सफल परीक्षण



**नई दिल्ली**। भारतीय नौसेना ने अपने युद्धपोतों से ब्रह्मोस एंटी-शिप और एंटी-सरफेस क्रूज मिसाइलों को लॉन्च किया है, जिसमें कोलकाता श्रेणी के विध्वंसक और नीलगिरि और क्रिवाक श्रेणी के फ्रिगेट शामिल थे। इस अभ्यास का उद्देश्य समुद्र में सटीक आक्रामक हमलों के लिए प्लेटफार्मों, प्रणालियों और चालक दल को फिर से मान्य करना था।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अपनी सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन किया है। नौसेना ने हाल ही में एंटी-शिप मिसाइल फायरिंग का सफलतापूर्वक संचालन किया है, जिसमें लंबी दूरी की सटीक स्ट्राइक क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया है।

भारतीय नौसेना ने अपने युद्धपोतों से ब्रह्मोस एंटी-शिप और एंटी-सरफेस क्रूज मिसाइलों को लॉन्च किया है, जिसमें कोलकाता श्रेणी के विध्वंसक और नीलगिरि और क्रिवाक श्रेणी के फ्रिगेट शामिल थे। इस अभ्यास का उद्देश्य समुद्र में सटीक आक्रामक हमलों के लिए प्लेटफार्मों, प्रणालियों और चालक दल को फिर से मान्य करना था। शेष पेज 2 पर

## आकंड़ा ▪ IB की लिस्ट से सामने आया हैरान करने वाला आकंड़ा

# दिल्ली में रह रहे पांच हजार पाकिस्तानी, पुलिस को सौंपी सूची



नई दिल्ली । आईबी ने दिल्ली में रह रहे करीब 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की सूची दिल्ली पुलिस को सौंप दी है ताकि इन लोगों की घर वापसी सुनिश्चित की जा सके।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। पाकिस्तानियों को उनके देश वापस भेजने का काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार के आदेश का पालन करते हुए कई राज्य सरकारें ने उनके राज्य में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को वापस पाकिस्तान भेजने में लगी है। दिल्ली में करीब 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की गई है। भारत के खुफिया विभाग ने दिल्ली पुलिस को इसकी लिस्ट सौंपी है।

आईबी ने दिल्ली में रह रहे करीब 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की सूची दिल्ली पुलिस को सौंप दी है ताकि इन लोगों की घर वापसी सुनिश्चित की जा सके। विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने यह सूची दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा के साथ साझा की है और आगे सत्यापन और पहचान के लिए इसे संबंधित जिले के साथ भी साझा किया गया है।

समाचार न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस सूची में उन हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों के नाम शामिल हैं जिनके पास दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) है और उन्हें छूट दी गई है। सूची सत्यापन के लिए संबंधित जिले को सौंप दी गई है और पाक नागरिकों को अपने वतन लौटने को कहा गया है। मध्य और उत्तर पूर्वी जिलों में पाकिस्तानी नागरिकों की संख्या अधिक है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस मामले पर एक बैठक बुलाई गई है और दिल्ली पुलिस को मामले पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वरिष्ठ अधिकारी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा और खुफिया ब्यूरो के अधिकारियों को दिल्ली में रह रहे इन पाकिस्तानी नागरिकों के बारे में जानकारी एकत्र करने और उन्हें जल्द से जल्द भारत छोड़ने के लिए कहने का काम सौंपा गया है।

शेष पेज 2 पर

# असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एनआरसी नहीं होने वाले आधार कार्ड धारकों के खिलाफ किया सख्त कार्रवाई की घोषणा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**असमः** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने आधार कार्ड धारकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की घोषणा की है जिनके नाम राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) में शामिल नहीं हैं या इसके लिए आवेदन नहीं किया हैं। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2024 में असम कैबिनेट ने आधार कार्ड प्रणाली को ठफ्ळ से जोड़ने का निर्णय लिया था। , जिन लोगों ने आधार कार्ड के साथ एनआरसी के लिए आवेदन नहीं किया है, उनके खिलाफ जल्द ही एक अभियान शुरू किया जाएगा। रविवार को गुवाहाटी के अजारा में पंचायत चुनावों के लिए अपने अभियान के दौरान, उन्होंने उल्लेख किया कि अवैध आव्रजन के मुद्दे को हल करने के लिए राज्य सरकार के प्रयास तेज हो गए हैं। उन्होंने भारत विरोधी बयान देने वालों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून



(एनएसए) लगाने की चेतावनी भी जारी की। यह याद किया जा सकता है कि मसौदा एनआरसी अपडेशन प्रक्रिया जो 2013 में शुरू हुई थी, अगस्त 2018 में प्रकाशित हुई थी। लेकिन फर्जी दस्तावेजों को शामिल करने और अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद प्रक्रिया रुक गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि सितंबर 2024 में मोरीगांव, नगांव, बारपेटा और धुबरी ज़िलों में नियोजित आबादी से अधिक आधार कार्ड धारक पाए गए। उदाहरण के लिए, धुबरी में 103.48% और बारपेटा में 103.74% के पास आधार कार्ड हैं। इन जिलों के अधिकांश निवासी मुस्लिम हैं, जिन्हें अक्सर बांग्लादेशी समझ लिया जाता है। असम मंत्रिमंडल ने फैसला किया है कि आधार कार्ड के लिए आवेदन जिला कलेक्टर से एनआरसी आवेदन संख्या और अनापत्ति प्रमाण पत्र के बिना खारिज कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने आज चुनाव प्रचार के दौरान एनआरसी के बारे में कुछ इस तरह से बताया।

# असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ओर सांसद गौरव गोगोई के बीच तकरार तेज। मुख्यमंत्री सरमा ने 10 सितंबर को बड़ा खुलासा करने का किया ऐलान

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

असम :असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के साथ अपने राजनीतिक टकराव को और तेज कर दिया है। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि ₹अब जवाब देने की बारी आपकी है₹ और साथ ही उन्होंने 10 सितंबर तक कथित पाकिस्तानी संबंधों के सबूतों को





सार्वजनिक करने का वादा किया है । उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में स्पष्ट रूप से कहा कि, ₹मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि न तो मैं और न ही मेरा बेटा और बेटी कभी पाकिस्तान गए हैं। इसके अलावा, मेरी पत्नी और हमारा पूरा परिवार पाकिस्तान से कोई वेतन या वित्तीय सहायता लेने के बारे में कभी नहीं सोचेगा। उन्होंने और कहा कि, मेरी पत्नी, बेटे और बेटी सहित मेरे परिवार के सभी सदस्य भारतीय नागरिक हैं। मेरे किसी भी बच्चे ने कभी भी भारतीय नागरिकता नहीं छोड़ी या त्यागी नहीं है। इसके बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक बड़ा चुनौती दिया है जो अब इस राजनीतिक तूफान का केंद्रबिंदु बन गई है। उन्होंने कहा कि, ₹आने वाले दिनों में, संबंधित कांग्रेस सांसद और पाकिस्तान के बीच संबंधों को उजागर करने वाली पर्याप्त सामग्री सार्वजनिक डोमेन में रखी जाएगी। 10 सितंबर 2025 तक प्रतीक्षा करें।₹यह आदान-प्रदान दोनों पक्षों की ओर से आरोपों की एक श्रृंखला के बाद हुआ है। सरमा ने इससे पहले गोगोई से कई संवेदनशील मामलों पर सवाल पूछे थे, जिसमें पूछा गया थाः ₹क्या आप लगातार 15 दिनों तक पाकिस्तान गए थे? अगर हाँ, तो क्या आप कृपया अपनी यात्रा का उद्देश्य स्पष्ट कर सकते हैं? उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या गोगोई की पत्नी ₹भारत में रहते हुए और काम करते हुए पाकिस्तान स्थित एनजीओ से वेतन प्राप्त करती रहती हैं₹ और गोगोई के परिवार के सदस्यों की नागरिकता की स्थिति के बारे में चिंता जताई। उन्होंने गौरव गोगोई के नमाज अदा करने के तरीकों को लेकर भी कड़ी आलोचना की। इसी के चलते गोगोई ने भी मुख्यमंत्री को अपनी चुनौतियों के साथ जोरदार तरीके से जवाब दिया। कांग्रेस सांसद ने मांग की, अगर आप मेरे और मेरी पत्नी के दुश्मन देश के एजेंट होने के अपने आरोपों को साबित करने में विफल रहते हैं, तो क्या आप इस्तीफा दे देंगे? इसके बाद उन्होंने यह पूछा कि क्या सरमा अपने बच्चों और पत्नी के बारे में सवाल उठाएंगे।

कांग्रेस प्रतिनिधि ने आरोपों का दायरा बढ़ाते हुए सवाल किया कि क्या राज्य पुलिस ₹कोयला माफिया से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी, जो असम की पहाड़ियों को तबाह कर रहे हैं और करोड़ों रुपये की अघोषित धनराशि कमा रहे हैं,₹ और उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री द्वारा बनाई गई विशेष जांच दल की रिपोर्ट के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं।

# सत्यापन शुरू होते ही पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थियों में बेचैनी, जानकारी के अभाव में हो रहे हलकान

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

दिल्ली। सरकार ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तानी हिंदू नागरिकों को दिया गया लंबी अवधि का वीजा (एलटीवी) वैध रहेगा, लेकिन अपर्याप्त जानकारी के कारण शरणार्थियों में अनिश्चितता बनी हुई है।

उत्तरी दिल्ली के मजनू का टीला में रह रहे पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी अपनी स्थिति को लेकर चिंतित हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तानी हिंदू नागरिकों को दिया गया लंबी अवधि का वीजा (एलटीवी) वैध रहेगा, लेकिन अपर्याप्त जानकारी के कारण शरणार्थियों में अनिश्चितता बनी हुई है।

दिल्ली पुलिस ने हाल ही में सत्यापन अभियान शुरू किया है। सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी अवैध रूप से न रहे या जाली दस्तावेजों का उपयोग न कर रहा हो। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस प्रक्रिया में



किसी को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाएगा। यह कदम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद उठाया गया है।

मजनूं का टीला में हिंदू शरणार्थी समुदाय के अध्यक्ष सोना दास ने बताया कि कई परिवार वर्षों से दिल्ली में रह रहे हैं और समय-समय पर दस्तावेज सत्यापन के बाद अपने वीजा नवीनीकृत कराते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ परिवार एक-दो महीने पहले ही पाकिस्तान से आए हैं और मजनू का टीला के पास शिविरों या सिग्नेचर ब्रिज के नीचे शरण लिए हुए हैं।

दूसरे समूह के नेता दयाल दास ने बताया कि पुलिस ने हाल ही में उनसे संपर्क कर नागरिकता प्राप्त करने वालों, आवेदन लंबित वालों और नए आए परिवारों का विवरण मांगा। उन्होंने कहा पिछले दो महीनों में 10-12 नए परिवार पाकिस्तान से यहां आए हैं।

शरणार्थी शिविर के निवासी कृष्ण लाल ने चिंता जताई कि उनकी पत्नी, बच्चों और भाई के नागरिकता आवेदन अभी लंबित हैं। उन्होंने कहा मुझे नहीं पता कि उनके वीजा रद्द होंगे या उन्हें रहने की अनुमति मिलेगी। मजनू का टीला में चाय की दुकान चलाने वाले कन्हैया ने कहा पाकिस्तान में हमारे लिए कोई नहीं बचा। अगर हमें दिल्ली छोड़ने के लिए कहा गया तो हमारे पास जाने की कोई जगह नहीं होगी।

दो बच्चों की मां रेनू ने बताया कि उनके बच्चे हाल ही में पास के स्कूल में पढ़ाई शुरू कर चुके हैं। उन्होंने कहा जब कुछ लोगों को नागरिकता मिली तो हमें उम्मीद जगी थी। लेकिन अब दस्तावेजों की जांच के कारण हमें डर है कि कहीं हमें वापस न भेज दिया जाए।

# दिल्ली NCR में हल्की बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट, गर्मी से मिलेगी राहत



नई दिल्ली । दिल्ली एनसीआर में अगले तीन दिनों तक गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है, जिससे गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग ने 28-30 अप्रैल के लिए बादल, तेज हवाएं और बूंदाबांदी का पूवार्नुमान जारी किया है। दिल्ली एनसीआर में इस हफ्ते मौसम बदलने की संभावना है। हल्की बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ हद तक राहत मिल सकती है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन गरज-चमक के साथ हल्की बारिश का यलो एलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने 28 अप्रैल को दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्के बादल छाए रहने की संभावना जताई है। साथ ही 10-20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हल्की हवाएं चलने का पूवार्नुमान लगाया है। सोमवार को अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री तक जाने और न्यूनतम तापमान 25-27 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई है। इसके अलावा 29 अप्रैल को दिल्ली एनसीआर में मौसम खराब रहने का अनुमान लगाया है।

ि29 अप्रैल को भी आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। मौसम बिगड़ने के दौरान 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इस दौरान हवा की गति 50 किमी प्रति घंटे तक होने की संभावना है। साथ ही हल्की गरज-चमक के साथ बूंदा-बांदी भी होने की उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक, 30 अप्रैल और एक मई तक इसी तरह से मौसम में बदलाव नजर आएगा।

# पेज एक का शेष...

## पहलगाम हमले के दोषियों को बख्शेंगे नहीं, पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा'

भारत की आत्मा को आतंकवाद कभी नहीं तोड़ सकता। इंसाफ मिले, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस दुनिया में जो भी इंसानियत के पक्ष में है, वह हमारे साथ है। इस वक्त दुनिया में जो हमारे साथ खड़ा है, हम उनके शुक्रगुजार हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। सजा मिलकर रहेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी।',

## एंटी-शिप मिसाइल फायरिंग का सफल परीक्षण

इस अभ्यास के माध्यम से, भारतीय नौसेना ने अपनी परिचालन क्षमता और सैन्य तैयारियों का प्रदर्शन किया है, जो देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

नौसेना ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, 'भारतीय नौसेना के जहाजों ने लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमले के लिए प्लेटफार्मों, प्रणालियों और चालक दल की तत्परता को फिर से मान्य करने और प्रदर्शित करने के लिए कई एंटी-शिप फायरिंग को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। भारतीय नौसेना किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी तरह से राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय और भविष्य के लिए तैयार है।'

भारतीय नौसेना ने हाल ही में अरब सागर में मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआर-एसएएम) वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण आईएनएस सूरत युद्धपोत द्वारा किया गया था, जो भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक है।

इस परीक्षण में, एमआर-एसएएम मिसाइल ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया, जो भारतीय नौसेना की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एमआर-एसएएम मिसाइल प्रणाली सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों और अन्य हवाई लक्ष्यों के खिलाफ अत्यधिक प्रभावी है।

यह परीक्षण पाकिस्तानी नौसेना द्वारा निर्धारित सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल के परीक्षण से पहले हुआ है, जो इस क्षेत्र में सैन्य गतिविधियों के बढ़ते तनाव को दशार्ता है। भारतीय नौसेना की इस उपलब्धि से देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए इसकी क्षमताओं में और अधिक विश्वास बढ़ता है।

## खुफिया विफलता का नतीजा, पहलगाम हमले को लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा, 'यह (पहलगाम हमला) सरकार की विफलता है। यह खुफिया विफलता का नतीजा है। वहां उचित सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी और सेना वहां नहीं पहुंच सकी। अब लोग पहलगाम के साथ पुलवामा की भी बात कर रहे हैं। इस मुद्दे पर हुई सर्वदलीय बैठक के बारे में उन्होंने कहा, पार्टी ने बैठक में जो कहना था, कह दिया है। मैं इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकता। आप मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) से पूछ सकते हैं कि वे इस मामले पर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं।'

सपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अखिलेश ने कहा, 'हमारे मुद्दे आज भी बेरोजगारी के हैं- नौकरियां घट रही हैं, नौकरियों के अवसर खत्म हो रहे हैं, योग्यता के अनुसार काम नहीं मिल रहा है और सरकार सम्मानजनक रोजगार नहीं दे पा रही है।'

सपा प्रमुख ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार के लोग मिलकर संवैधानिक अधिकार नहीं दे रहे हैं, आरक्षण के साथ खिलवाड़ हो रहा है तथा नौकरी न देने का मकसद सीधा-सीधा आरक्षण न देना है। उन्होंने दावा किया, ह्लशिक्षा में राजनीतिक हस्तक्षेप बहुत बढ़ गया है ।ह्व यादव ने कहा कि युवतियों के लिए सबसे ज्यादा असुरक्षित माहौल उत्तर प्रदेश में है और यह सरकार के आंकड़े ही बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह शिक्षा का निजीकरण हुआ है, उसको लेकर पार्टी और यूथ ब्रिगेड के लोग जनता को समझाएंगे।

## एनआईए ने हमले के चश्मदीदों से की पूछताछ

कुलगाम के मतलहामा में जाकिर अहमद गनी का घर भी गिरा दिया गया। गनी 2023 से सक्रिय है। दक्षिण कश्मीर के कलरूस स्थित लश्कर आतंकी फारूक तीड़वा का घर ध्वस्त कर दिया गया। शोपियां के वांदिना जैनापोरा में आतंकी अदनान शफी का घर भी ढहाया गया। एक साल से सक्रिय शफी ने एक गैर स्थानीय श्रमिक की हत्या की थी। इससे पहले, हमले के मुख्य संदिग्ध सहित दो आतंकियों आदिल ठोकर व आसिफ शेख के घर तलाशी के दौरान विस्फोटक फटने से नष्ट हो गए थे।

सुराग हासिल करने की कोशिश - सुरक्षाबलों ने घाटी में मौजूद आतंकियों व उनके समर्थकों की व्यापक तलाश और धरपकड़ शुरू की है। हिरासत में लिए संदिग्ध आतंकी संगठनों से जुड़े ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओडब्ल्यूजी) व उनके मददगार हैं। इनमें से अधिकतर दक्षिण कश्मीर के चार जिलों से हैं। सुरक्षा एजेंसियां इनसे आतंकियों के ठिकानों का पता हासिल करने की कोशिश में जुटी हैं।

सुरक्षाबलों ने शनिवार को श्रीनगर में भी एक दर्जन से अधिक स्थानों पर छापे मारे। अनंतनाग में भी सुरक्षाबल सख्त तलाशी अभियान चला रहे हैं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के लिए पूरे जिले में मोबाइल वाहन जांच चौकियां बनाई गई हैं।

बड़ी साजिश नाकामः आतंकी ठिकाना ध्वस्त, हथियार बरामद- कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी ठिकाना ध्वस्त करते हुए बड़ी साजिश नाकाम कर दी। वहां से भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद हुए हैं। मुश्ताकाबाद मच्छिल के सेदोरी नाला वन क्षेत्र में ठिकाने से पांच एके-47 राइफलें, आठ एके-47 मैगजीन, एक-एक पिस्तौल व मैगजीन, एके-47 की 660 गोलियां और एम4 गोला-बारूद की 50 गोलियां शामिल हैं। पुलिस ने दावा किया कि आतंकी क्षेत्र में शांति व व्यवस्था बिगाड़ने के मकसद से गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश कर रहे थे।

## पाकिस्तान के मंत्री ने खुलेआम भारत को परमाणु हमले की धमकी दी

उन्होंने कहा, 'अगर वे हमें पानी की आपूर्ति बंद कर देते हैं, तो उन्हें युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। हमारे पास जो सैन्य उपकरण हैं, जो मिसाइलें हैं, वे प्रदर्शन के लिए नहीं हैं। कोई नहीं जानता कि हमने देश भर में अपने परमाणु हथियार कहां रखे हैं। मैं फिर से कहता हूं, ये बैलिस्टिक मिसाइलें, ये सभी आप पर लक्षित हैं।'

हनीफ अब्बासी की यह प्रतिक्रिया पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई कार्रवाई के बाद आई है। आपको बता दें, भारत सरकार ने 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा भी भारत सरकार की ओर से कई कदम उठाए गए हैं।

पाकिस्तान द्वारा भारतीय उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने से होने वाली अव्यवस्था का जिक्र करते हुए, उन्होंने केवल दो दिनों में भारतीय विमानन क्षेत्र में मची अफरा-तफरी की ओर इशारा किया। अब्बासी ने कहा, 'अगर चीजें अगले 10 दिनों तक इसी तरह जारी रहीं, तो भारत में एयरलाइंस दिवालिया हो जाएंगी।'

मंत्री ने भारत पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह अपनी सुरक्षा विफलताओं को स्वीकार करने के बजाय पहलगाम आतंकी हमले के लिए पाकिस्तान पर दोष मढ़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भारत द्वारा दोनों देशों के बीच व्यापार को निलंबित करने के निर्णय के बाद पाकिस्तान ने पहले से ही इसके परिणामों की तैयारी शुरू कर दी है, जिससे संकेत मिलता है कि इस्लामाबाद अपने खिलाफ उठाए गए किसी भी आर्थिक कदम का मुकाबला करने के लिए तैयार है।

## दिल्ली में रह रहे पांच हजार पाकिस्तानी, पुलिस को सौंपी सूची

पर्यटकों पर आतंकी हमला, 26 की नृशंस हत्या- जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी। सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखे और फिर हिंदू हो कहकर गोली मार दी। 26 मृतकों में ज्यादातर पर्यटक हैं, जबकि दो विदेशी और दो स्थानीय नागरिक शामिल हैं।

सोमवार तक अपनी हरियाली के लिए प्रसिद्ध बायसरन घाटी के हरे-भरे मैदान मंगलवार दोपहर बाद खून से लाल हो गए। जगह-जगह निर्दोष लोगों के शव पड़े और बिलखते परिवार के सदस्य थे। इस खौफनाक मंजर ने 14 अप्रैल 2019 को हुए पुलवामा हमले के जख्मों को ताजा कर दिया, जहां आतंकियों ने आत्मघाती हमला किया था। कुछ ऐसा ही आतंकियों ने पहलगाम में किया, जहां पहले लोगों से उनका धर्म पूछा फिर आश्वस्त होने के बाद ताबड़तोड़ गोलियां बसराईं, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई।

आतंकियों के इस कायराना और अमानवीय कृत्य से पर्यटकों के खचाखच भरी रहने वाली बायसरन घाटी में सिर्फ आतंक के निशान बचे हैं। अभी तक कश्मीर में पर्यटकों पर इस तरह का बड़ा हमला नहीं हुआ था। पिछले साल 18 मई की रात दो जगह आतंकियों ने हमला किया था। इसमें एक पहलगाम के पास और दूसरा ओपन टूरिस्ट कैंप में हमला हुआ था।

जम्मू-कश्मीर सरकार देगी हर मृतक के परिवार को 10 लाख

जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए हर व्यक्ति के परिवार को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। इसके साथ ही राज्य सरकार गंभीर रूप से घायलों को 2 लाख रुपये और मामूली रूप से घायल लोगों के लिए 1 लाख रुपये की अनुग्रह की अनुग्रह राशि देगी।

# प्रिंसिपल्स मीट 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए शाहबाद के शिक्षक

## कोर्सेज की जानकारी व पुरस्कार पाकर के लिए चेहरे

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। आईएफटीएम यूनिवर्सिटी मुरादाबाद के द्वारा रविवार के दिन प्रिंसिपल्स मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ शाहबाद से शिक्षक, प्रधानाचार्य और अन्य स्कूलों के प्रबंधकों ने यूनिवर्सिटी पहुंचकर यूनिवर्सिटी द्वारा कराए जा रहे कोर्सेज के बारे में जानकारी प्राप्त की। सर्वप्रथम शाहबाद क्षेत्र के प्रबंधक बड़ा गांव स्थित डालचंद शर्मा इंटर कॉलेज में एकत्रित हुए और वहां से आईएफटीएम यूनिवर्सिटी द्वारा भेजी गई बस द्वारा मुरादाबाद यूनिवर्सिटी कैंपस पहुंचे। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ यूनिवर्सिटी के संस्थापक के चित्र पर माल्यार्पण करके सरस्वती माता के चित्र के सामने द्वीप प्रज्वलित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर आसीन कुलपति महेंद्र प्रताप पांडेय, कुलाधिपति राजीव कोठीवाल, कुलसचिव संजीव अग्रवाल के विचारों और उनके द्वारा यूनिवर्सिटी के बारे में दी गई जानकारी को ध्यान पूर्वक सुना। यूनिवर्सिटी द्वारा जानकारी दी गई कि विद्यालय में बस की सुविधा, यूनिवर्सिटी यूनिफॉर्म और वाई-फाई इंटरनेट की व्यवस्था निःशुल्क की गई है। अन्त में यूनिवर्सिटी द्वारा सभी प्रबंधकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और सभी प्रबंधकों, प्रिंसिपल्स व टीचर्स के लिए भोजन की भी व्यवस्था कराई गई थी। इस कार्यक्रम में डायरेक्टर एडमिशन प्रोफेसर राहुल कुमार मिश्रा, प्रोफेसर वैभव त्रिवेदी, प्रोफेसर नवनीत वर्मा, प्रोफेसर बीके सिंह, प्रोफेसर अरुण कुमार मिश्रा, प्रोफेसर आरके यादव, डॉक्टर कुशलपाल सिंह व शाहबाद क्षेत्र से श्रीडालचंद शर्मा इंटर कॉलेज धूरियाई के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार शर्मा, केपी सिंह, जहीन मियां, नाजिम अली, विष्णु कश्यप, सुमित कुमार, निम्मी, सिम्मी,रिशु सक्सेना, आशादीप स्कूल बड़ागांव से नीरू,क्षमा,निधि, अंशू , आर पी इंटर कॉलेज जाहिदपुर से प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा, सतीश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर सुमित कुमार, ज्ञान ज्योति मांटेसरी स्कूल शाहबाद से प्रबंधक राजीव कुमार, मनोरमा इंटर कॉलेज से जगपाल और चित्रा गुप्ता, एस के इंटर कॉलेज खरसौल, मुस्लिम इंटर कॉलेज खरसौल, ज्ञानदीप जूनियर हाई स्कूल भूडासी, शहीद भगत सिंह इंटर कालेज सहित अनेकों स्कूल कॉलेज के लोग मौजूद रहे।

# पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

## शाहाबाद भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नेताओं ने जताया दुख दो मिनट का रखा मौन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद।रविवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस शाहाबाद में चौधरी सुनील कुमार सिंह प्रमुख सचिव पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में पहलगाम अटैक में मारे गए सभी निर्दोष सैलानियों को आशुपूर्ण श्रद्धांजलि शत-शत नमन एवं 2 मिनट का मौन धारण करके कैंडल मार्च निकाल कर सभी मृतक के पीड़ित परिजनों का सहयोग करने की मांग करते हुए सभी दोषियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष रामपुर रंजीत सिंह यादव तहसील अध्यक्ष शाहाबाद चौधरी सुंदर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष शाहाबाद खुशीराम यादव जिला सचिव नावेद खान युवा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव युवा ब्लॉक अध्यक्ष शाहाबाद राजवीर यादव युवा तहसील अध्यक्ष शाहाबाद नवनीत चौधरी ठाकुर सत्यम सिंह गुफरान खान महेंद्र सिंह यादव निर्दोष मानसिंह लालाराम यादव एवं सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं किसान साथी गण उपस्थित रहे जय जवान जय किसान भारतीय किसान यूनियन जिंदाबाद

# आंगनबाड़ी भर्ती में आय-निवास प्रमाण पत्र में गड़बड़ी के 35 मामले संदिग्ध




**एनपीटी ब्यूरो**

**बरेली।** जिले में आंगनबाड़ी कार्यकताओं की भर्ती में संदिग्ध मामलों की संख्या बढ़ गई है। करीब 35 मामलों में फजीवाड़े की आशंका जताई जा रही है। इसमें आय प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र जारी करने में खेल किया गया है। जांच के लिए मामले एसडीएम के पास भेज दिए गए हैं। बहेड़ी में एक मामले में गलत आय प्रमाण पत्र जारी करने की पुष्टि हुई है।

आंगनबाड़ी कार्यकताओं के रिक्त 311 पदों पर हाल ही में भर्ती प्रक्रिया पूरी हुई है। 10 हजार 280 महिलाओं ने आवेदन किए थे। भर्ती सूची चस्पा होने के बाद धांधली के आरोप लगाए जा रहे हैं। महिलाएं सीडीओ से लेकर डीएम से शिकायतें कर रही हैं। सीडीओ ने जांच के लिए पांच बाबुओं की कमेटी बनाई है। 350 से ज्यादा शिकायतें की गईं हैं, जिनमें 30 से 35 मामले ऐसे पाए गए हैं, जिसमें आय प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र जारी करने में गड़बड़ियां की गई हैं।

फजीवाड़े की आशंका के मद्देनजर इन मामलों को संबंधित तहसीलों के एसडीएम के पास भेजे गए हैं, जिसमें जांच चल रही है। बहेड़ी में एक मामले में जांच में पुष्टि भी हो गई है कि, जिस आवेदक का चयन हुआ है, उसमें लेखपाल ने आय ज्यादा थी, मगर कम करके जारी कर दिया है। अब इस मामले में संबंधित लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। 35 मामलों में फजीवाड़े की आशंका है। एसडीएम से जांच कराई जा रही है। आय और निवास प्रमाण पत्र में गड़बड़ी की गई है। बहेड़ी में एक अभ्यर्थी की ज्यादा आय होने के बाद भी कम का प्रमाणपत्र जारी किया गया। इसकी पुष्टि हुई है। सभी मामलों की जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कार्रवाई होगी- जगप्रवेश, सीडीओ।

# जाम छलकाने में दो सिपाही लाइन हाजिर... दो निलंबित, एसएसपी ने की कार्रवाई



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। एसएसपी अनुराग आर्य ने अलग-अलग मामलों में दो सिपाहियों को निलंबित और दो को लाइन हाजिर कर दिया। किला थाने का सिपाही आशीष शर्मा ड्यूटी के समय चीता बाइक छोड़कर सेटेलाइट चौराहे पर दोस्तों के साथ मस्ती करने आ गया। इसी दौरान एसपी सिटी यहां पहुंच गए। पूछने पर सिपाही ने अपनी नियुक्ति दूसरे जिले में बताकर गुमराह करने की कोशिश की।

उसका दूसरा साथी सिपाही प्रशांत वर्दी में था। एसपी सिटी के पूछने पर वह भाग गया। एसपी सिटी की रिपोर्ट पर एसएसपी ने दोनों को निलंबित कर दिया। इन दोनों के साथ इसी इलाके के सिपाही दिलीप कुमार और मंगत सिंह भी जाम छलकाते मिले। हालांकि ये अपनी ड्यूटी पूरी कर चुके थे। इन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया। एसएसपी की कार्रवाई से पुलिसकर्मियों में खलबली मची है।

# नकली गगन पान मसाला बेचने में धरा गया कारोबारी




**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। कानपुर के ग्रीन वर्थस इंटरप्राइजेज के निदेशक अनिल कुमार गुप्ता ने सौ फुटा रोड पर गगन पान मसाला ब्रांड का नकली माल बेचते हुए एक व्यक्ति को पकड़ लिया।

मेगा ड्रीम होम, इज्जतनगर निवासी अनिल कुमार ने आरोपी के खिलाफ थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अनिल ने बताया कि सौ फुटा रोड, डेलापीर निवासी ज्ञान प्रकाश नकली गगन मसाला बेचते पकड़ा है।

उसके कब्जे से नकली पान मसाला बरामद हुआ है। उसके कब्जे से बरामद मोबाइल में पान मसाले की बिक्री का भी हिसाब है।

# नवागत तहसीलदार ने ग्रहण किया कार्यभार

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बहराइच। तहसील कैसरगंज के नवनियुक्त तहसीलदार प्रियंका त्रिपाठी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है,अपनी प्राथमिकताओं में उन्होंने बताया कि आम जनता को त्वरित न्याय दिलाना ही उनका मुख्य उद्देश्य है,बहराइच मे 2017 बैच के ढउर अधिकारी प्रियंका त्रिपाठी ने कैसरगंज मे तहसीलदार का पदभार किया ग्रहण ,,बराबंकी नायब तहसीलदार के पद रही प्रियंका त्रिपाठी का शासन द्वारा मार्च 2025 में पदोन्नति होने पर बहराइच स्थानांतरण हुआ,तहसीलदार ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता राजस्व विभाग के सभी कार्य समय पर हो और किसानों को परेशान न होना पड़े उन्होंने कहा कि वादों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करने का प्रयास किया जायेगा,शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता व न्याय संगत तरीके से धरातल पर कराने का प्रयास होगा ताकि शिकायतकर्ताओं को बार-बार तहसील के चक्कर न लगाना पड़े,लोगों को सुविधाएं मिल सकें शासन द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं,न्यायालय में चल रहे वादों को अधिवक्ता गण से सामंजस बनाकर न्यायालय को सुचारू रूप से चलाने का प्रयास किया जाएगा,जिससे वादकारियों को न्याय संगत तरीके से न्याय मिल सके प्रियंका त्रिपाठी मूलतः बलरामपुर जनपद की निवासी हैं,

# शिक्षकों की तीन दिवसीय शिक्षा कार्यशाला सम्पन्न

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

बहराइच। बीआरसी गजाधरपुर पर बीईओ राकेश कुमार के नेतृत्व में टीसीएल द्वारा आयोजित शिक्षकों का तीन दिवसीय कार्यशाला गुरुवार से शुरू होकर शनिवार को सम्पन्न हुई। ज्ञान आधारित शिक्षा बच्चों को सीखने के प्रति रुचि पैदा करती है। थिएटर का उपयोग ज्ञान प्राप्ति, समस्या-समाधान, संचार, मूल्यों और लक्ष्य-निर्धारण जैसी अन्य शैक्षिक विशेषताओं को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षा में रंगमंच आधारित कई गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। शिक्षक मनोज गुप्ता, दीपक राणा, मधुलिका चौधरी, प्रीति, सुरेश, शिवकुमार, नेहा शर्मा, राकेश मौर्या आदि उपस्थित रहे।

# पहलगाम हमले पर अभद्र टिप्पणी करने पर जिलाध्यक्ष एजाज अहमद पर एफआईआर

**एनपीटी ब्यूरो**



**बरेली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष एजाज अहमद ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डाली। लोगों की शिकायत के बाद इज्जतनगर थाने में तैनात दरोगा मुकेश चौहान ने एजाज अहमद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। इसके बाद से पूरे देश में गम और गुस्सा है। लोग शोक संवेदनाएं और श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं लेकिन मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष एजाज अहमद ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर दी। जिसमें लिखा "नाम पूछ कर गोली मारी वाला चूरन बेचना बंद करो, असली मुद्दे पर आओ कि हमला हुआ कैसे, जिम्मेदारी किसकी थी।

इस पोस्ट पर लोगों में आक्रोश फैल गया। पोस्ट वायरल होने के बाद हिमांशु पटेल ने एक्स पर बरेली पुलिस को पोस्ट कर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद एसएसपी के निर्देश पर थाना इज्जतनगर में तैनात दरोगा मुकेश चौहान ने सपा नेता एजाज अहमद के खिलाफ थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# भटगांव मामले में आईएएस अभिषेक प्रकाश से रिकवरी की तैयारी, सभी दोषी अधिकारियों पर कसेगा शिकंजा

लखनऊ- भटगांव मामले में अभी तक 16 अधिकारियों को दोषी ठहराया जा चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हरी झंडी मिलने के बाद नियुक्ति विभाग ने दोषियों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। भटगांव में डिफेंस कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण घोटाले में कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हरी झंडी मिलने के बाद नियुक्ति विभाग ने दोषियों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। इस मामले के सबसे अहम आरोपी निलंबित आईएएस अभिषेक प्रकाश से जल्द ही रिकवरी के लिए नोटिस देने की तैयारी है। इसके साथ ही दोषी पीसीएस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खखटाया जाएगा।

लखनऊ के सरोजनीनगर में डिफेंस कॉरिडोर भूमि घोटाले में प्रथमदृष्टया अभिषेक प्रकाश समेत 16 अधिकारियों को दोषी ठहराया गया है। अभिषेक प्रकाश एक निवेशक से पांच प्रतिशत रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित किए जा चुके हैं। दो पीसीएस अधिकारी डिफेंस कॉरिडोर मामले में हाईकोर्ट से स्टे लेकर नौकरी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने राजस्व परिषद की रिपोर्ट पर सभी 16 दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अभिषेक प्रकाश के खिलाफ डिफेंस कॉरिडोर मामले में भी कार्रवाई की जानी हैं।

नियुक्ति विभाग सभी आरोपी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देने के साथ ही भूमि अधिग्रहण में नियमों को ताक पर रखकर दिए गए मुआवजे की रिकवरी करने पर विचार कर रहा है। यह देखा जा रहा है कि सरकारी धन को क्षति पहुंचाने के लिए कौन कितना जिम्मेदार है, उस हिसाब से ही रिकवरी नोटिस दी जाएगी। पीसीएस अधिकारियों के मामले में भी परीक्षण किया जा रहा है, जो नौकरी में हैं, उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई होनी है और जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनकी पेंशन रोकने के साथ ही अन्य कार्रवाई पर विचार किया जा रहा है।

# कश्यप समाज और पीडीए के लोग भी व्यापार में करेंगे हिस्सेदारी.

**एनपीटी ब्यूरो**




बरेली कश्यप समाज सेवा समिति के तत्वाधान में कश्यप व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह नेहरू युवा केंद्र बरेली में हुआ जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी बरेली के जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री पूर्व एमएलसी डॉ राजपाल कश्यप समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष रहे कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट संत कुमार कश्यप अध्यक्ष समिति ने किया एवं सह संचालन द्रोण कश्यप कश्यप समिति के महासचिव ने किया डॉ राजपाल कश्यप ने कहा अब सरकार नौकरी छीन रही है इसलिए कश्यप और पीडीए समाज व्यापार में बाढ़-चल कर भागीदारी लेगा जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने कहा के बरेली जिले में लगभग चार लाख कश्यप समाज के लोग हैं समाज को व्यापार और राजनीति में भागीदारी लेने के लिए प्रोत्साहित करेंगे

द्रोण कश्यप ने कार्यक्रम में आए सभी व्यापारी बांधों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष सपा शमीम खां सुल्तानी, कोषाध्यक्ष सपा अशोक यादव अमित राज सिंह यादव शिवम सागर एवं समिति के उपाध्यक्ष रामदास कश्यप राजवीर कश्यप कोषाध्यक्ष नवीन कश्यप सहित इस मौके पर कश्यप समाज के सैकड़ो लोग मौजूद रहे !

**चिल्ड्रन सत्संग कैंप** | दिल्ली कृपाल बाग आश्रम द्वारा आयोजित

# आल इंडिया चिल्ड्रन सत्संग कैंप में बरेली आश्रम के बच्चों ने मचाई धूम

**एनपीटी ब्यूरो**



बरेली , सावन कृपाल रुहानी मिशन कृपाल आश्रम महेशपुरा सी.बी.गज में होने वाले मासिक सत्संग की शुरूआत बरेली के अलावा अन्य सेन्टरों से आये हुए साधसंगत भाई बहनों ने प्रीचर सत्संग प्रताप सिंह जी द्वारा वाणी कबीर सहाब जी के माध्यम से अनुभवी पुरुष की पहचान कैसे करें, तत्पश्चात महाराज जी के वीडियो सत्संग से सभी साधसंगत भाई बहनों ने लाभ उठाया। कार्यक्रम के अंत में दिल्ली के कृपाल बाग आश्रम में दो दिवसीय आल इंडिया चिल्ड्रन सत्संग कैंप का आयोजन 12-13 अप्रैल,25 को किया गया,जिसमें दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, मध्यप्रदेश उत्तरप्रदेश के जिलों के आश्रम से 2500 सौ बच्चों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया। कैंप में बच्चों को नाटक, खेल,आर्ट एंड क्राफ्ट और स्टोरी, प्रतियोगिता के माध्यम से आध्यात्म की पहचान एवं मेडीटेशन कैसे अच्छी तरह अपने जीवन में करें इसकी जानकारी दी गई।

कैंप में बरेली आश्रम से कुल 18 बच्चों शिवानी देवी, देवांग, शानवी,शौर्य, श्वेता,वाणी हृदय, आकांशा, अक्षय,अक्षरा, शुभि सार्थक,अंशिका, पूर्वा शिवानी, आकाश,आयुष सचिन,प्रशांत ने हिस्सा लिया। कैंप में पुरस्कृत हुए बच्चों को बरेली आश्रम में आश्रम कामेटी के सदस्यों एवं सभी साधसंगत भाई बहनों द्वारा जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया। अंत में सभी साधसंगत भाई बहनों ने लंगर का आनंद उठाया।

## संपादकीय

# पहलगाम हमले से सबक ले बने रणनीति

इसमें दो राय नहीं कि पहलगाम के भीषण आतंकी हमले ने देश के अंतर्मन पर गहरे जख्म छोड़े हैं। निस्संदेह, निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कई सवाल हमारे सामने छोड़ गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कश्मीर का दौरा किया। उस आतंकी हमले के बाद जिसमें छब्बीस लोग मारे गए थे। निस्संदेह, उनका यह दौरा हमारे इस सैन्य संकल्प की अभिव्यक्ति है कि हमारी सेना आम जन की सुरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। एक ऐसे क्षेत्र में जहां लोगों ने दशकों आतंक की त्रासदी झेली है, वहां प्रतीकात्मक जवाबदेही से आगे ठोस रणनीति बनाने की जरूरत है। दुर्भाग्य से आतंकवादियों ने उस क्षेत्र को अपने आतंक का निशान बनाया, जो जम्मू-कश्मीर के अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्रों में शामिल था। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस हमले को लेकर कोई खुफिया अलर्ट क्यों नहीं मिल पाया, जिससे लोगों में रोष व्याप्त हुआ है। दरअसल, सुरक्षा चूक की ऐसी घटनाएं सिस्टम की तैयारियों के प्रति जनता के भरोसे को प्रभावित करती हैं। इसमें दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री ने इस मामले में त्वरित हस्तक्षेप किया। इस संकटपूर्ण स्थिति में उन्होंने अपनी विदेश यात्रा को बीच में ही रोकना प्राथमिकता समझा। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तुरंत जम्मू-कश्मीर पहुंचे। वहीं शाह का तुरंत घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचना दुर्भाग्यपूर्ण घटना की गंभीरता को ही रेखांकित करता है। अब चाहे ये प्रयास कितने भी तात्कालिक व ईमानदार क्यों न हों, वे प्रणालीगत सुधार के विकल्प नहीं हो सकते। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आश्वासन दिया है कि हर अपराधी को पकड़ने के लिये सरकार कृतसंकल्प है। लेकिन इस तरह के आश्वासन केवल अल्पकालिक आवश्यकता को पूरा करते हैं। बेहतर होता कि हम पहले ही ऐसी चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करते कि परिंदा भी पर न मार सकता। निश्चित रूप से इस तरह के आतंकी हमले का व्यापक परिदृश्य हमें आत्ममंथन को विवश करता है। बहरहाल, पहलगाम आतंकी हमले से हुई जनहानि तमाम सवालों को जन्म देती है। हर किसी संवेदनशील मन में घटनाक्रम को लेकर अनेक प्रश्न उभरते हैं। आम विमर्श में यह मुद्दा उठता रहा है कि जम्मू-कश्मीर के इस संवेदनशील क्षेत्र में सेना की उपस्थिति क्यों नहीं थी। आखिर इस हमले की भनक हमारे खुफिया तंत्र को क्यों नहीं लगी। जम्मू-कश्मीर देश का सीमावर्ती व संवेदनशील क्षेत्र है। दशकों की आतंकी घटनाओं के चलते इस क्षेत्र में सेना, केंद्रीय सुरक्षा बलों, खुफिया एजेंसियों तथा स्थानीय पुलिस की उपस्थिति देश के अन्य राज्यों के मुकाबले काफी ज्यादा रहती है। सवाल यह भी है कि आखिर खुफिया एजेंसियों से किस स्तर पर और क्यों चूक हुई। आखिर स्थानीय व विदेशी आतंकवादी इतनी आसानी से हमारे सुरक्षा चक्र को भेदने में कैसे सफल रहे? ऐसे तमाम सवाल हमारे नीति-नियंताओं से पारदर्शी जवाब मांग रहे हैं। ऐसे में सिर्फ सार्वजनिक रूप से बयान देने से काम चलने वाला नहीं है। हमें सुरक्षा व्यवस्था व खुफिया तंत्र की उन तमाम खामियों को दूर करना होगा, जिनके अभाव में आतंकवादी अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने में सफल हो सके। निस्संदेह, कश्मीर यात्रा के दौरान सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने सुरक्षा बलों के बीच ऑपरेशनल समन्वय की समीक्षा की। लेकिन राष्ट्र और कश्मीरी सिर्फ प्रोटोकॉल को सख्त करने से कहीं अधिक चाहते हैं। पहलगाम आतंकी हमले के आलोक में खुफिया जानकारी साझा करने के तंत्र को सक्षम बनाने, तेज प्रतिक्रिया ढांचे के निर्माण और सुरक्षा तंत्र की मजबूती को मूर्त रूप देने की जरूरत है। कश्मीर को लेकर हमारे दांव हमेशा ऊंचे होते हैं, अब चाहे वे सैन्य, भावनात्मक और राजनीतिक रूप से हों। हमें पहलगाम आतंकी हमले में अपनों को खोने वाले लोगों के दर्द को संवेदनशील ढंग से महसूस करना चाहिए। आज वास्तविक स्थिति में बदलाव की जरूरत है ताकि हमारे राष्ट्रीय संकल्पों को संबल मिल सके। हमें जमीनी असहज सच्चाइयों का सामना करना होगा। इनसे मुकाबला करने की दृढ़ इच्छाशक्ति ही भविष्य की चुनौतियों से पार पाने में हमें सक्षम बना सकती है।

# जनरल मुनीर की डींगें और नफरत की विरासत

> हां यह बात समीचीन ही कही जाएगी कि जब कोई व्यक्ति एक प्रकार से अपने ही निहित पूर्वाग्रहों का बंधक बन जाता है, तो इसका स्वाभाविक परिणाम होता है कि वह एक नेता नहीं, बल्कि एक कैदी होता हैझ किसी भी प्रकार के तर्क का नहीं, बल्कि अपने खून में रच चुके मिथक का। जनरल मुनीर अपने वतन के लोगों का मार्गदर्शन कर उन्हें किसी बेहतर तरह के भविष्य में लेकर नहीं जा रहे वरन वे उन्हें इतिहास के सबसे अंधेरे कोने में धकेल रहे हैं, जहां पहचान का अहसास हथियारबंद होने से कराया गया और आपसी भिन्नता को घातकता में ढाला गया है। यदि इसमें किसी को जरा सा भी संदेह लगे, तो बस केवल हाल ही में पहलगाम में जो हुआ उसे याद कर लें, जो निस्संदेह अपने आप में बहुत बड़ी दरिंदगी है, लेकिन यह घटनाक्रम और करतूत पवित्र पुस्तक में दी गई हरेक मूल्यवान सीख की पूरी तरह से अवहेलना है।





बीते दिनों पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल मुनीर का वक्तव्य निश्चय ही दुर्भाग्यपूर्ण था। वे समझने में असफल रहे कि मनुष्यों की परंपराएं और रीति-रिवाज भिन्न होते हैं, लेकिन पूरी मानवता का सार तो एक ही है। पहलगाम में जो बहुत बड़ी दरिंदगी हुई है वह मानवता को शर्मसार करती है। दरअसल, मानवता हमारे द्वारा खींची गयी रेखाओं पर नहीं, बल्कि मानवीय संबंधों के पुलों पर टिकी है।

कोविड-19 महामारी द्वारा कहर बरपाये जाने के बाद, और जलवायु परिवर्तन एवं भू-राजनीतिक टकरावों के कारण बनी उथल-पुथल वाले वैश्विक परिदृश्य के बीच, साल 2023 में भारत की मेजबानी में आयोजित किये गये जी-20 शिखर सम्मेलन में आपसी समन्वय बनाने का एक पवित्र आह्वान उभरा था : एक पृथ्वी। एक परिवार। एक भविष्य। इस पवित्र आह्वान की गूंज दुनिया भर में हुई। तब ऐसा लग रहा था कि अब तो रार पैदा करने वाले उपदेश किसी अलग ही किस्म के प्राणी का काम होगा। जैसा कि अब हमने देख लिया है, एक जनरल असीम मुनीर नामक शख्स के रूप में उसे सामने आने में ज्यादा वक्त नहीं लगा।

और फिर भी, पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने बीते वक्त की बातों को याद दिलाते हुए, निश्चित तौर पर ठीक यही काम किया है। जिसके तहत कुछेक दिन पहले ही अत्यंत निश्चितता के साथ, उन्होंने दावा किया कि हमारी महत्वाकांक्षाएं, परंपराएं, रीति-रिवाज हिंदुओं से अलग हैं और इस अंतर को आने वाली पीढ़ियों को पक्के तौर पर अपने दिमाग में गहरे तक समा कर रखना चाहिये।

जो बात वे समझने में असफल रहे झ या शायद वे इस बात को स्वीकार करने से डरते भी हैं झ वो यह है कि भले ही मनुष्यों की परंपराएं और रीति-रिवाज भिन्न होते हैं, लेकिन पूरी मानवता का सार तो एक ही है। धर्म का चोला, संस्कृति का घूंघट और ताकत की वर्दी उतारकर देखा जाये, तो सामने आयेगा कि हम सब मानव एक ही प्रजाति के हैं, जिसके भीतर गरिमा की चाह , सुरक्षा की भावना और अपने अस्तित्व की सार्थकता के मामले में आकांक्षाएं निस्संदेह एक समान हैं।

यहां यह बात समीचीन ही कही जाएगी कि जब कोई व्यक्ति एक प्रकार से अपने ही निहित पूर्वाग्रहों का बंधक बन जाता है, तो इसका स्वाभाविक परिणाम होता है कि वह एक नेता नहीं, बल्कि एक कैदी होता हैझ किसी भी प्रकार के तर्क का नहीं, बल्कि अपने खून में रच चुके मिथक का। जनरल मुनीर अपने वतन के लोगों का मार्गदर्शन कर उन्हें किसी बेहतर तरह के भविष्य में लेकर नहीं जा रहे वरन वे उन्हें इतिहास के सबसे अंधेरे कोने में धकेल रहे हैं, जहां पहचान का अहसास हथियारबंद होने से कराया गया और आपसी भिन्नता को घातकता में ढाला गया है। यदि इसमें किसी को जरा सा भी संदेह लगे, तो बस केवल हाल ही में पहलगाम में जो हुआ उसे याद कर लें, जो निस्संदेह अपने आप में बहुत बड़ी दरिंदगी है, लेकिन यह घटनाक्रम और करतूत पवित्र पुस्तक में दी गई हरेक मूल्यवान सीख की पूरी तरह से अवहेलना है।

इतिहास के सबसे हिंसक किरदारों ने मानवता को भिन्नता के आधार पर विभाजित करने वाली रेखाएं आत्मा के सबसे बड़े इस सत्य को अस्वीकार करके खींची हैं, वह यह है कि : हमारा जन्म राष्ट्रों के आधार पर नहीं होता, न ही हमारा जन्म आस्था के आधार पर होता है बल्कि हम महज मनुष्यों के रूप में ही पैदा होते हैं।

दरअसल, हमें स्पष्ट होना चाहिए : यह किसी की विरासत में निहित आस्था, संस्कृति या गौरव की आलोचना नहीं है। यह गहराई से व्यक्तिगत है, जो आम तौर पर मोहक, मानव पहचान के पहलू हैं। लेकिन वदीर्धारी जब इनको हांककर, आपस में बांटकर, एक-दूसरे पर स्थाई तौर पर शक करने या हमारा-तुम्हारा वाली अपनी मनमानी लकीरों को न्यायोचित बना देते हैं झ तब वे परंपरा के वाहक न होकर, जुल्म ढहाने के औजार बन जाते हैं। ऐसा करवाने वाले शख्स के वर्दी, ब्यानबाजी, पूर्वाभ्यासित दर्प को उतारकर देखें झ तो आप एक वह व्यक्ति पाएंगे, जिसे अपने खुद के भ्रम से मुक्त होने से डर लगता है।

इस उपमहाद्वीप ने विगत में इस तरह के भ्रमों की कीमत बहुत अधिक खून बहाकर चुकाई है। देश के विभाजन ने परिवार, दोस्ती और सदियों से कायम रहे साझा अस्तित्व के टुकड़े ही कर दिए। साल 2025 में किसी शख्स के द्वारा ऐसे तर्क को हवा देना न केवल बेहद गैर-जिम्मेवाराना है झ बल्कि खतरनाक भी है। जनरल मुनीर के बोल महज पुराने युग के नहीं हैं, वे तो उस तरक्की को मटियामेट करने वाले हैं, जिसके वास्ते लाखों लोगों ने संघर्ष कियाझ जब तक कि यह एक और विभाजन करवाने के इरादे से न हो। पहला 1947 में, फिर 1971 में याा खान और पूर्वी पाकिस्तान वाला, और अब 2025 में? ईश्वर ही जानता है कि उन्हें अपने मन में किस लक्ष्य पर यकीन है, जिसकी वह कल्पना कर रहे हैं कहीं वह विभाजन की हैट-ट्रिक बन जाए। उन्हें यकीन है कि वे सही राह पर हैं।

पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने पहलगाम का जिक्र करते हुए एक लोकोक्ति या रूपक का इस्तेमाल किया : यह चौंकाने वाला था, लेकिन इसने आपको केवल यही दशार्या है कि भले ही आप सुअर को लिपस्टिक लगाकर सजा दें, लेकिन रहेगा सुअर का सुअर ही। यह भी कि कोई नाटक कर सकता है कि पाकिस्तान आतंकवाद को प्रायोजित नहीं करता, लेकिन वह आतंकवाद को प्रायोजित करता रहेगा, चाहे हम उसके साथ संबंध कितने भी सामान्य बनाने की कोशिश क्यूं न करें। उन्होंने आगे कहा कि ओसामा बिन लादेन और जनरल असीम मुनीर के बीच एकमात्र अंतर यह है कि लादेन गुफा में रहता था और मुनीर महल में। रुबिन ने एएनआई से कहा, इसके अलावा, दोनों एक जैसे हैं और उनका अंत भी एक जैसा होना है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

दक्षिण एशिया के लोग मौजूदा सूरत-ए-हाल से कहीं अधिक बेहतर के हकदार हैं। उन्हें ऐसे नेता मिलने चाहिए जो विरासत में मिली नफरत को ढोने से परे देखने की हिम्मत रखते हों। ऐसे नेता जिन्हें इस चीज की शिनाख्त हो कि आपसी भिन्नता कोई खतरा नहीं, बल्कि ताकत है। और यह भी कि शांति अलगाव से नहीं, बल्कि आपसी समझ से बनती है। अगर किसी नेता के पास कोई योजना है, तो उसे सड़कों पर इकट्ठा होकर दुहाई डालने वाले लाखों लोगों की आवाज सुननी चाहिए, जिन्हें जनकल्याण पर धन लगाए जाने की बजाय उसे हथियार खरीदने और बंदूक वालों की मौज बनाने की एवज में भुगतनी पड़ रही है।

इस घड़ी को पाकिस्तान के लोगों के लिए एक आईना बनने दीजिए। हर वह नेता, हर नागरिक जिसको यह भ्रम है कि विभाजन से सुख रहेगा, उसे सनद रहे कि मानवता हमारे द्वारा खींची गई रेखाओं पर नहीं, बल्कि हमारे द्वारा बनाए गए पुलों पर टिकी है। साथ ही, एक पूर्व सैन्य अधिकारी, मेरा एक संदेश हैझअतुल्य भारत, अजेय भारत है।

# पहलगाम हमले के बाद रणनीतिक कदम का सवाल

पहलगाम में कायराना आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की जान जाने के बाद पूरा देश दुख व गुस्से में है। ऐसे में जनता की सरकार से उम्मीद स्वाभाविक है कि वह हमलावरों, उनके सीमा पार प्रायोजकों को माकूल जवाब देगी। जबकि जवाब की रणनीति बनाते समय प्रधानमंत्री मोदी को भी अहसास होगा कि नागरिकों की हत्या का यह कुकृत्य अस्वीकार्य की श्रेणी में है।

गत ? 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन में निर्दोष पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकवादी हमले से पूरा देश बहुत गुस्से और व्यथा में है। इस हमले में भारत के विभिन्न हिस्सों से आए 28 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई। देश के समूचे राजनीतिक वर्ग ने इसकी निंदा की है, हालांकि कुछ विपक्षी दल यह मांग भी कर रहे हैं कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के जिम्मेवार लोगों से जवाबतलबी हो। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने भी इस जघन्य कांड की भर्त्सना की है और महत्वपूर्ण देशों के नेताओं ने कहा है कि वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े हैं।

हालांकि, इस तरह का समर्थन पर्दे के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संयम बरतने की अपील के बावजूद है, तथ्य यह है कि यह हमला मोदी सरकार के समक्ष सुरक्षा एवं जनसंपर्कों में बहुत गंभीर चुनौती पेश करता है। पुलवामा या गलवान के विपरीत, जहां रक्षा कर्मी शहीद हुए, बैसरन में आतंकवादियों ने निर्ममतापूर्वक नागरिकों को चुन-चुनकर निशाना बनाया। इसलिए यह कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि देश की निगाहें मोदी पर होंगी। यह उम्मीद की जाएगी कि वह बैसरन के अपराधियों, उन्हें सहायता देने वालों तथा प्रायोजित करने वालों को पूर्ण तथा माकूल जवाब देंगे, खासकर 2019 के बाद से जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल करने के दावों के बाद।

इस कांड को अंजाम देने का दावा रेजिस्टेंस फ्रंट नामक संगठन द्वारा ली गई है, जिसके बारे में माना जाता है कि वह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से संबंधित है। जिन लोगों को भारत के खिलाफ पाकिस्तानी आतंकवाद के तौर-तरीकों के अध्ययन करने का लंबा अनुभव है, उन्हें सहज रूप से पता होगा कि इस तरह का हमला पाकिस्तानी जनरलों के खास आदेशों के बिना कभी संभव नहीं है। इसलिए, सर्वप्रथम आकलन उस वजह का बनता है जिसके कारण पाकिस्तानी जनरलों ने हमले का आदेश दिया होगा। अफगान तालिबान के साथ भारत के संबंधों में प्रगति से वे नाखुश हैं, इस पर उन्होंने काफी नजर बनाए रखी है। वे भारत को तहरीक-ए-तालिबान-ए-पाकिस्तान और बलूच विद्रोही समूहों की मदद करने में जिम्मेदार मानते हैं। इस सबके अलावा 11 मार्च को जाफर एक्सप्रेस पर बलूच लिबरेशन आर्मी के हमले के बाद



भारत के प्रति उनका गुस्सा और तीव्र हुआ। पाकिस्तानी सेना ने उस हमले के लिए भारत को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। हालांकि पाकिस्तानी प्रतिष्ठान और उसके विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया अधिक संयमित और सतर्क थी।

जाफर एक्सप्रेस पर हमले के बाद पाकिस्तान में जो कुछ हुआ उसके तमाम पहलुओं का अध्ययन करने के बाद इस लेखक ने गत 21 मार्च को फर्स्टपोस्ट में एक लेख लिखा। इसका समापन पैराग्राफ बैसरन हमले में प्रासंगिक है और इस प्रकार है : बीएलए हमले के तुरंत बाद, पाकिस्तानी सेना ने कहा कि इसके साथ खेल के नियम बदल गए हैं। चौधरी (लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी, महानिदेशक, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस) से एक प्रेस वार्ता में इन शब्दों की व्याख्या करने के लिए कहा गया था। इस पर उन्होंने जो शब्द कहे उन पर भारतीय विश्लेषकों और नीति-निमार्ताओं को बारीकी से ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा : बीएलए और (आतंकी समूहों) से उसी तरह निपटा जाएगा जिसके वे हकदार हैं और यही बात उनके सूत्रधारों और उकसाने वालों पर भी लागू है, चाहे वे पाकिस्तान के अंदर हों या बाहर।

पाकिस्तानी सेना अपना हिसाब चुकता करने में बदल (जिसका पश्तो में अर्थ है बदला) परंपरा का पालन करती है। भारत के खिलाफ यही करती आई है, वह बात अलग है इस चक्कर में उन्होंने देश को कंगाल बना डाला। टकराव के अलावा उसे कोई राह न सूझती। यह उनकी फितरत का हिस्सा है व हरेक सेना प्रमुख को यही दिखाना होता है कि माकूल जवाब देने में वह सबसे आगे है, खासकर उस संस्था पर हमले के मामले में, जिसका वह नेतृत्व करता है, जिसको लेकर राय या गलतफहमी पाले रखता है कि यह भारत का काम है। ऐसे में, संभव है कि पाकिस्तानी सेना निकट भविष्य में भारत में किसी आतंकवादी घटना को प्रायोजित करने का प्रयास करे।

इसमें संदेह नहीं कि भारतीय नीति निमार्ता इस बड़ी संभावना से अवगत रहे होंगे। भारतीय प्रतिष्ठान को यह खुला संदेश देना चाहिए कि किसी भी पाकिस्तानी दुस्साहस का उचित जवाब दिया जाएगा और यह भी कि स्थिति के आगे बिगड़ने की पूरी जिम्मेदारी उसकी होगी। यह अवसर बालाकोट हमले से अपनाए गए पूर्व-प्रतिक्रिया सिद्धांत को दोहराने का एक उपयुक्त ढंग खोजने का भी है।

अग्रणी एवं मित्र देशों को यह भी सूचित किया जाना चाहिए कि वे पाकिस्तान को जम्मू-कश्मीर तथा अन्य स्थानों पर प्रायोजित आतंकवाद से गर्मी बढ़ाने के खिलाफ चेतावनी दें। और, निश्चित रूप से उन्हें पाकिस्तान को स्पष्ट कर देना चाहिए कि वे दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे मतभेदों के हल में हस्तक्षेप न करें, जैसा कि पाकिस्तानी सेना हमेशा से करवाना चाहती रही है।

यह स्पष्ट नहीं कि भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठान ने चौधरी की उक्त मीडिया ब्रीफिंग को कितनी गंभीरता से लिया, लेकिन भारत में 16 अप्रैल को विदेशी पाकिस्तानियों को दिए गए पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के बयान पर काफी ध्यान दिया गया है। जब उन्होंने दो-राष्ट्र सिद्धांत का जिक्र किया था, जो पकिस्तानी सोच की आखिरी सीमा है और जिसकी रक्षा करने की शपथ सेना ने ले रखी है, मुनीर ने स्पष्ट वह कह डाला, जो सेना और अधिकांश पाकिस्तानी अंदर ही अंदर मानते हैं, लेकिन कहते नहीं यानी हिंदू और मुसलमान दो अलहदा मुल्क हैं, जिनमें कोई मेल नहीं हो सकता। उन्होंने बलूची आतंकवादियों पर गुस्सा जाहिर किया, लेकिन जोर देकर कहा कि वे पाकिस्तान की एकता भंग नहीं कर पाएंगे। मुनीर का यह कहना कि जम्मू-कश्मीर पाकिस्तान की गले की नस है, भी पुरानी बात है। मुनीर के इस भाषण में भारत के प्रति दुश्मनी स्पष्ट झलकती है, लेकिन मौजूदा आतंकी हमले का कारण जानने के लिए चौधरी के बयान पर वापस आना जरूरी है।

बैसरन हमले के जवाब में रणनीति बनाते समय मोदी को पूरा अहसास होगा कि देश के कोने-कोने से आए निर्दोष नागरिकों की हत्या का यह कांड भारतीय जनता के लिए अस्वीकार्य की श्रेणी में है। इसके उलट, उड़ी और पुलवामा में हुए हमले भारतीय सैनिकों के खिलाफ थे। जाहिर है, कोई भी प्रतिक्रिया अचानक से या तत्काल नहीं हो सकती, लेकिन वह होनी चाहिए, जो भारतीय जनमानस को प्रभावी रूप से संतुष्ट करे। जाहिर है, बैसरन के बाद कोई बना बनाया नुस्खा पेश करना आसान नहीं होगा।

# पहलगाम में आतंकवादी हमले के विरोध में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की

## पत्रकारों ने बाजू पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया




**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।** सहारनपुर, गंगोह । ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की गंगोह इकाई ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए कैंडल मार्च निकाला। पत्रकारों ने बाजू पर काली पट्टी बांधकर आतंकवाद का विरोध जताया। दो मिनट का मौन धारण कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के बैनर तले दर्जनों पत्रकार और समाजसेवियों ने पहलगाम में आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले लोगों को कैंडल मार्च निकालकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कैंडल मार्च शिव चौक से मैन बाजार, मैटाडोर स्टैंड से होता हुआ सहारनपुर बस स्टैंड पर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एस.एस.आई. संजय शर्मा को सौंपा गया। ज्ञापन में पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देने की मांग की गई है। इस अवसर पर गंगोह ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष अफजल खान, नौशाद चौधरी, इंडियन आर्मी से रिटायर्ड इंटरनेशनल कोच जसवीर सिंह, शान ए हिंदुस्तान एशिया विनर अकरम अजीज, सिकंदर अली, शराफत मिर्जा, वासिल खान, नीटू भारद्वाज, मेहताब आलम, इस्त्राईल चौधरी आदि ने कहा कि भारत सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाकर बड़ी कार्यवाही करने के साथ ही आतंकवाद को नेस्तोनाबूद करना चाहिए। तभी 145 करोड़ भारतीयों का सम्मान बच सकेगा। इस मौके पर डॉक्टर राकेश गर्ग, रमेश थापा, विरेन्द्र चौधरी, इंतजार शाह, अमन खान, नौशाद चौधरी, खलील अहमद, अमजद हाशमी, शादाब मलिक, मनोज शर्मा, अय्यूब खान, इरशाद अंसारी, व्यापार मंडल के युवा अध्यक्ष मनोज गोयल आदि शामिल रहे।

# गेहूं खरीद में लापरवाही पर 25 केंद्र प्रभारियों का रोका वेतन



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। गेहूं खरीद में लापरवाही बरतने पर यूपी कोऑपरेटिव फेडरेशन लि. (पीसीएफ) के 25 केंद्र प्रभारियों का अप्रैल माह का वेतन रोक दिया है। गेहूं खरीद में रुचि नहीं दिखाई तो आगे भी वेतन रोका जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि यदि फिर भी सुधार नहीं हुआ तो अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इन केंद्र प्रभारियों ने 17 मार्च से अब तक 10 प्रतिशत से कम गेहूं की खरीद की है।

जिले में गेहूं खरीद चल रही है। गेहूं खरीद के लिए क्रय केंद्रों के साथ-साथ मोबाइल वैन भी चला रखी है। जो सूचना पर गांव में पहुंचकर गेहूं खरीद रही है लेकिन गेहूं की खरीद लक्ष्य के अनुसार नहीं हो पा रही है। इसके कारण प्रशासन सख्त हो गया है। सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त विवेक कौशल ने बताया कि पीसीएफ के 60 क्रय केंद्र में से 25 गेहूं क्रय केंद्रों पर 10 प्रतिशत से भी कम खरीद हुई है। ऐसे में इन केंद्र प्रभारियों का वेतन रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि 10 प्रतिशत से कम खरीद करने वालों में गेहूं क्रय केंद्र बछगांव, ओल, गुखरेली, मुइददीनपुर, मल्हू, मिठठोली, सींगापटटी, हथकोली, वैशला, पटलोनी, परखम, मगोर्रा, रदोई, उदियागढ़ी, सीएमएस गोवर्धन, एफएस दीनदयालधाम, क्षेत्रीय सहकारी समिति महावन, आ. कस्बा फरह, क्षेत्रीय सहकारी समिति मथुरा, क्षे. शेरगढ़, क्षेत्रीय सहकारी समिति शाहपुर, सा. रावल, आ. कराहरी, दौलतपुर, आ. सरूपा शामिल

केंद्र प्रभारियों को दिए नोटिस में कहा गया है कि लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं खरीद नहीं होने से जिले की छवि धूमिल हो रही है। जिले में गेहूं खरीद शुरू हुए एक माह से भी अधिक समय हो गया है लेकिन अभी तक 4.65 लाख क्विंटल के सापेक्ष मात्र 1.34 लाख क्विंटल गेहूं की ही खरीद हुई है। जो लक्ष्य के सापेक्ष केवल 29 प्रतिशत है। यह खरीद पीसीएफ के 60 क्रय केंद्रों पर हुई है।

# एयरपोर्ट विस्तार के लिए 2200 किसानों को देनी होगी अपनी जमीन




**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। 2207 में से अभी तक करीब 515 किसानों के सहमति पत्र राजस्व महकमे को मिले हैं। तहसीलदार स्टाफ के साथ इस कार्य को पूरा करवा रहे हैं। कुल किसानों के लगभग एक चौथाई सहमति पत्र लिए जा चुके हैं।

मुरादाबाद एयरपोर्ट से भले ही उड़ानें बंद चल रही हैं। मगर इसके विस्तार के लिए प्रक्रिया लगातार चल रही है और किसानों से जमीनें लेने के लिए राजस्व महकमा तेजी के साथ लगा हुआ है। ऐनकेन प्रकारेण किसानों से सहमति पत्र मिल जाए। एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया ने जमीन के लिए पिछले दिनों शासन को इस संबंध में पत्र भेजा था। फलस्वरूप इसी पर शासन ने स्थानीय प्रशासन से जमीन आरक्षित करने के लिए आदेशित किया। अब तक 500 से ज्यादा किसानों से सहमति पत्र लिए जा चुके हैं। एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया ने भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए बड़े एयरपोर्ट के लिहाज से तैयारी की है। इसी क्रम में शासन स्तर से कहा गया है कि इस पर जमीन आरक्षित की जाए। करीब 500 एकड़ जमीन को आरक्षित किया जाना है। कुल 2207 किसानों की जमीन ली जानी है। इसके लिए सदर तहसील के स्टाफ की ओर से किसानों से सहमति पत्र लिए जा रहे हैं।

**515 किसानों ने अभी तक दी सहमति**

2207 में से अभी तक करीब 515 किसानों के सहमति पत्र राजस्व महकमे को मिले हैं। तहसीलदार स्टाफ के साथ इस कार्य को पूरा करवा रहे हैं। कुल किसानों के लगभग एक चौथाई सहमति पत्र लिए जा चुके हैं।

**एयरपोर्ट से अभी नहीं भरी जा रही उड़ानें**

मुरादाबाद समेत यूपी से फ्लाईबिग की पांच हवाई अड्डों से उड़ान निरस्त चल रही हैं। पहले धुंध के चलते उड़ान निरस्त रहीं अब लखनऊ एयरपोर्ट पर मरम्मत के चलते उड़ाने बंद हैं। मुरादाबाद, श्रावस्ती, चित्रकूट, अलीगढ़ और आजमगढ़ से उड़ान नहीं हो रही हैं। फ्लाईबिग ने ऐसे में यूपी का सारा स्टाफ दूसरे राज्यों में शिफ्ट कर दिया।

# यज्ञसेनी वैश्य समाज ने दिखाई मानवता बाराबंकी में जरूरतमंद को इलाज के लिए दिए 27 हजार रुपये



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

बाराबंकी। श्री यज्ञसेनी वैश्य समाज कल्याण समिति बाराबंकी ने एक सराहनीय पहल की है। समिति ने गांधीनगर बाराबंकी के निवासी अनिल कुमार गुप्ता को चिकित्सा सहायता प्रदान की है। अनिल कुमार आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उन्हें इलाज के लिए 27,000 रुपये की सहायता राशि दी गई है। इस सहायता में कई समाज सेवियों का योगदान रहा। इनमें सभासद सुशील गुप्ता, राजेश गुप्ता, डॉ. अर्जुन गुप्ता और रवि गुप्ता शामिल हैं। विकास गुप्ता विक्की, पंकज गुप्ता और राज कमल रुदौली ने भी सहयोग किया।

लखनऊ से नमन गुप्ता, कानपुर से राम कुमार गुप्ता और रसौली से पंकज गुप्ता ने भी मदद की। प्रतापगंज के सतीश गुप्ता, अरुण गुप्ता और अमन यज्ञसेनी ने योगदान दिया। शाहाबाद से अनुराग और लखनऊ से ब्रिजेश गुप्ता ने भी सहायता की। रोहित गुप्ता, प्रांशु गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुधांशु गुप्ता, राम शंकर और दया शंकर भी इस नेक काम में शामिल हुए। श्री कान्त गुप्ता, राम मोहन गुप्ता और अमित गुप्ता ने भी अपना योगदान दिया। समिति ने सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

# अपनी माँगो को लेकर एक मई को शिक्षक देंगे धरना



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

मुरादाबाद। मुंडापांडे उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई मुंडापांडे जिसमें प्रदेशीय नेतृत्व द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय मुरादाबाद में होने वाले एक मई के धरने में संजय सिंह जिला कोषाध्यक्ष मुरादाबाद ब्लॉक अध्यक्ष मूंढापांडे ने भारी संख्या में पहुंचने की अपील की। और कहा नामांकन पर दें विशेष ध्यान तथा डीबीटी उन बच्चों की करें जो रोज स्कूल जा रहे हैं, पीएफएम एस पोर्टल से अंतिम समय में जो भुगतान अस्वीकृत हुए हैं उनका भुगतान कराया गया है। साथ ही विकासखंड कार्यालय में रखी आधार मशीन को चालू कराया जाये। डा० नीरज शर्मा ने विचार व्यक्त किये और कहा कि सरकार द्वारा रोज नये नये एप शिक्षकों पर लादे जा रहे हैं जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित होता है।

सरकार को उन एप्स के संचालन के लिए कम्प्यूटर आपरेटर नियुक्त करने चाहिए जिससे शिक्षक सुचारू रूप से शिक्षण कार्य कर सकें। बैठक में मुख्य रूप से संजय कुमार सिंह, डा० नीरज शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, हिमांशु वशिष्ठ, प्रतीक शर्मा, विनोद यादव, सुरेंद्र सिंह, पंकज गुप्ता, अश्विनी कुमार. सुभाष सागर. अरविंद कुमार, पूरन लाल, मनोज यादव, दुर्गेश कुमार. रामवीर सिंह. सुधीर कुमार. राजवीर सिंह. विष्णु कुमार. राहुल कुमार. चंद्र प्रकाश. रेनू यादव. यश बाला खन्ना शगुफ्ता, पुनम सकसेना, मनीषा ठाकुर, गीता रानी, बबिता, इशरत बानो, फरजाना बेगम आदि उपस्थित रहे।

# 19 हजार सिपाहियों की सीधी भर्ती के लिए जल्द जारी होगी विज्ञप्ति

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

लखनऊ। यूपी में सिपाही भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी होने के बाद ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत पीएसी, विशेष सुरक्षा बल, महिला वाहिनी और नागरिक पुलिस आदि में भर्तियां होनी हैं।

उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के 19 हजार से अधिक पदों पर सीधी भर्ती के लिए विज्ञप्ति मई माह के पहले सप्ताह में जारी होने के आसार हैं। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सूत्रों की मानें तो परीक्षा कराने वाली कंपनी का चयन करने के साथ शासन से आवश्यक अनुमति ली जा रही है। विज्ञप्ति जारी होने के बाद इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन लेना शुरू कर दिया जाएगा।

बता दें कि डीजीपी मुख्यालय ने बीत दिनों भर्ती बोर्ड को सिपाही के 19,220 पदों पर सीधी भर्ती करने के लिए प्रस्ताव भेजा था, जिसके बाद बोर्ड द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई थी। बोर्ड ने अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में विज्ञप्ति जारी करने की संभावना जताई थी, हालांकि कुछ औपचारिकताएं पूरी करने की वजह से इसमें कुछ समय लग सकता है। अधिकारियों के मुताबिक मई माह के पहले सप्ताह में विज्ञप्ति जारी करने की तैयारी की जा रही है।

# बांकेबिहारी मन्दिर में आमों से बने बंगले में विराजे ठाकुर श्रीबांकेबिहारी

मथुरा। वृंदावन के श्रीबांकेबिहारी मंदिर में ठाकुरजी को आमों से बने भव्य बंगले में विराजमान किया गया। मंदिर के द्वार खुलते ही आमों की सुगंध और ठाकुरजी की अनुपम छवि देख श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और जयकारों से संपूर्ण वातावरण गूंज उठा। गर्मी की ऋतु में ठाकुरजी को शीतलता प्रदान करने की ब्रज की परंपरा के तहत शनिवार शाम को मंदिर परिसर को कुंज स्वरूप में सजाया गया। मंदिर का आंगन, जगमोहन और गर्भगृह देसी-विदेशी फूलों की हरियाली और सुगंध से महक उठा। सजावट में गुलाब, रजनीगंधा, रायबेल जैसे फूलों के साथ आम, अनार, सेब, केला, संतरा आदि फलों का भी प्रयोग किया गया। बांकेबिहारी को जिस स्थान पर विराजमान किया गया वह संपूर्ण रूप से आमों से निर्मित था। लगभग 20 क्विंटल आमों का उपयोग इस विशेष बंगले की सजावट में किया गया। विदित हो कि बांकेबिहारी मंदिर में यह फूल बंगला शृंखला गर्मियों में पूरे 108 दिनों तक चलती है। हर दिन, सुबह और शाम, नए स्वरूप में सजाए गए फूल बंगले में ठाकुरजी को विराजमान किया जाता है।

# खेत की चहारदीवारी तोड़ी, गार्ड की रायफल छीनी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। थाना जैंत के अंतर्गत गांव अक्रूर में देररात एक खेत की चहारदीवारी तोड़कर सुरक्षा गार्ड की लाइसेंसी रायफल व कारतूस की पेटी छीन ली। खेत स्वामी खजान की शिकायत पर पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस की एकतरफा कार्यवाही से असंतुष्ट महिलाओं ने जैंत पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया। प्रदर्शन कर उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। थाना जैंत पुलिस ने शुक्रवार देररात धौरेरा निवासी खजान ने सूचना दी। बताया कि दो दर्जन से अधिक लोगों ने उसके खेत की चहारदीवारी को तोड़ दिया है। तोड़फोड़ करने वाले लोग जमीन की सुरक्षा में लगे सिक्योरिटी गार्ड रामबाबू की लाइसेंसी रायफल व कारतूस की पेटी भी छीन ले गए। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो दीवार क्षतिग्रस्त पाई गई। गार्ड रामबाबू ने बताया कि जब उसने लोगों को दीवार तोड़ने से मना किया तो गुस्साए लोगों ने उसकी रायफल छीन ली। इधर दूसरे पक्ष की महिला कृष्णा देवी, सविता ने जैंत पुलिस पर आरोप लगाया। मौके पर प्रदर्शन करते हुए कहा कि खजान सिंह द्वारा पहले उनकी जमीन छीन ली, अब खुद दीवार को तोड़कर उनके परिजन को झूठे मुकदमे में फंसाना चाहता है। सीओ सदर संदीप कुमार सिंह ने बताया आधा दर्जन से अधिक लोग हिरासत में लिए गए हैं। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# व्रन्दावन में महिला से धोखाधड़ी कैफे के नाम पर 5 लाख की ठगी



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। वृंदावन में कैफे खोलने के नाम पर महिला के साथ ठगी हो गई। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। ओमेक्स इंटरनिटी निवासी मंजू शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके साथ कैफे के नाम पर करीब 5 लाख रुपये की ठगी की गई है। उन्होंने आरोप ओमेक्स में रहने वाले एलिजाबेथ थमस, मोहित शर्मा और रोनी थमस पर लगाया है। पीड़िता के अनुसार, उक्त आरोपियों ने बरसाने में ओ बैठ नामक कैफे बंद करने की बात कहकर उसमें लगे फर्नीचर और अन्य सामान को बेचने की पेशकश की थी। उन्होंने कहा था कि पूरा सेटअप 5 लाख रुपये में सौंप दिया जाएगा। मंजू शर्मा और उनके पति राजेश शर्मा ने कुल 3,86,000 रुपये यूपीआई के माध्यम से और एक लाख रुपये नकद दिए। इसके बाद आरोपियों ने ओमेक्स छोड़कर चंद्रोदय मंदिर स्थित माधव कुटीर में रहने लगे। जब मंजू ने सामान के बारे में पूछताछ की तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी और अंततः पैसे लौटाने से इन्कार करते हुए धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नगर निगम बोर्ड बैठक में इन मुद्दों पर घेरेगा विपक्ष, तैयारी पूरी

**नगर निगम बोर्ड की बैठक सोमवार को निगम सभागार में प्रस्तावित है। बैठक शांतिपूर्ण रहे और शोर-शराबा ना हो। इसके लिए नगर निगम के अधिकारी पार्षदों व नेता प्रतिपक्ष की मान मनौव्वल करते देखे गए।**

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। नगर निगम बोर्ड की बैठक सोमवार को निगम सभागार में प्रस्तावित है। बैठक शांतिपूर्ण रहे और शोर-शराबा ना हो। इसके लिए नगर निगम के अधिकारी पार्षदों व नेता प्रतिपक्ष की मान मनौव्वल करते देखे गए।



**जीआईएस सर्वे पर गर्म है माहौल**

सत्तर वार्डों के पार्षदों ने भी शहर के विकास के मुद्दे उठाने को लेकर जबरदस्त तैयारियां की हैं। ज्वलंत मुद्दा जीआईएस सर्वे की आपत्तियों का है। पार्षद एक साथ मजबूती के साथ इस मुद्दे को बोर्ड बैठक में रखेंगे। निगम के उपसभापति डॉक्टर गौरव श्रीवास्तव के मुताबिक बड़ी संख्या में लोगों के घरों तक बिल नहीं पहुंचे हैं। वहीं आपत्तियां लेने की अंतिम तारीख 30 अप्रैल निर्धारित की है। पहले सभी घरों तक बिल पहुंचने चाहिए। इसके बाद ही लोग आपत्तियां दर्ज कराने निगम आफिस पहुंचेंगे।

**वार्डों की गंदगी का मुद्दा भी रहेगा गरम**

शहर की साफ-सफाई के मुद्दे भी उठेंगे। बुद्धि विहार की पार्षद कविता गुप्ता का कहना है कि आपत्तियों के मुद्दे के अलावा वार्ड में सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने का भी मुद्दा उठाया जाएगा। संख्या कम होने के कारण पूरे वार्ड में सफाई नहीं हो पाती है।

नेता प्रतिपक्ष बोलेः सीवर लाइन चोक होने का मसला प्रमुखता से रखेंगे

निगम में नेता प्रतिपक्ष अनुभव मेहरोत्रा भी आपत्तियों के मुद्दे को प्रमुखता के साथ उठाए जाने की बात कह रहे हैं। बताया कि सीवर लाइन चोक होने का भी मसला प्रमुखता के साथ उठाया जाएगा। शहर में सीवर लाइन चोक पड़ी हुई हैं, शिकायतें करते-करते लोग थक जाते हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होता है।

**पिछली बैठक अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई थी**

शाम को मेयर विनोद अग्रवाल ने पार्षदों के साथ कैंप कार्यालय पर बैठक की। बोर्ड बैठक में उठाए जाने वाले मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। पिछली बोर्ड बैठक हंगामे के चलते अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई थी।

# माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न धरना-प्रदर्शन का लिया गया निर्णय

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की संयुक्त कार्यसमिति की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय की अध्यक्षता में अटल पार्क आयोजित की गई। जिसमें आगामी एक मई को शिक्षकों से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण के लिए धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में कार्यसमिति ने शिक्षकों से सम्बन्धित पुरानी पेंशन बहाली, वेतनमान बढ़ाने, पदोन्नति आदि मांगों व समस्याओं के सम्बन्ध में



सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शिक्षकों की लम्बित 14 समस्याओं के समाधान के लिए आगामी एक मई को प्रदेश के समस्त जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय मे उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा धरना-प्रदर्शन करते हुये जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जायेगा। इसी क्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय चित्रकूट में भी एक मई को दोपहर एक से तीन बजे तक धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। इसके बाद मुख्य मार्ग से बाइक रैली निकालते हुये जिलाधिकारी कार्यालय जाकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित 14 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा।

# हर्ष त्रिपाठी को जिलाध्यक्ष व रामबली वर्मा को चुना गया जिला महामंत्री

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का निर्विरोध चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें हर्ष त्रिपाठी को जिलाध्यक्ष व रामबली वर्मा को जिला महामंत्री चुना गया। संगठन के मण्डल अध्यक्ष व निर्वाचन पर्यवेक्षक शिवसागर मिश्र तथा निर्वाचन अधिकारी सैयद नसीम उल हक की उपस्थित में हुए निर्विरोध चुनाव में सर्वसम्मति से हर्ष त्रिपाठी को जिलाध्यक्ष, रामबली वर्मा को जिला महामंत्री, श्यामबाबू त्रिपाठी को जिला कोषाध्यक्ष व मानवेन्द्र मिश्रा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। साथ ही लवकुश केशरवानी व रामकरन शुक्ल को जिला उपाध्यक्ष, वीरेन्द्र मिश्रा को



जिला मंत्री, उमेश श्रीवास्तव को संयुक्त मंत्री व भरत लाल मिश्र को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया। सेवानिवृत्त एवं समर्पित शिक्षक जैनुलाब्दीन को संगठन का जिला संरक्षक चुनाव गया। इसके बाद सेवानिवृत्त एवं आदर्श शिक्षक उमादत्त मिश्र ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक वीरेन्द्र मिश्र ने किया।

इस मौके पर मण्डल महामंत्री विश्वबंधु पाण्डेय, नगर अध्यक्ष कप्तान सिंह, ब्लाक अध्यक्ष कर्वी अभय कुमार पाण्डेय, ब्लाक महामंत्री मानिकपुर प्रभाकर शुक्ला, शिक्षक अरविन्द कुमार, सरोज शुक्ल, दीपक सिंह, अनिल पाण्डेय, कल्पना द्विवेदी, रामलखन कुशवाहा, नीरज सिंह, शिवसूरत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# स्कंध व बाहुमूल शक्ति विकासक योग क्रिया से बढ़ती है कंधों की मजबूती

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः जिला मुख्यालय के कुबेरगंज कर्वी निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि स्कंध व बाहुमूल शक्ति विकासक क्रिया कंधों की हड्डियों और मांसपेशियों को शक्तिशाली बनाती है।

बताया कि स्कंध व बाहुमूल शक्ति विकासक योग क्रिया के माध्यम से कंधों को इस प्रकार गति कराई जाती है जिससे ट्रिपीजियम और लिवेटर स्कैपुला की मांसपेशियां बारी-बारी से खिचती और सिकुड़ती हैं, जिससे ऊपरी पीठ और गर्दन में लचीलापन आता है और आराम मिलता है। बताया कि कंधों के ऊपर नीचे होने से पेक्टोरल मांसपेशियां सूक्ष्म रूप से खिचती हैं, जिससे कंधे के जोड़ों की गतिशीलता में सुधार आता है, स्कंध क्षेत्र में तनाव कम होता है, गतिशीलता बढ़ती है। इससे स्थूल आसनों को करना आसान और ज्यादा लाभदायक हो जाता है, जैसे सेतुबंध, अधोमुख स्वानासन, सर्वांगासन, वीरभद्रासन आदि। योगाचार्य ने बताया कि यह क्रिया छाती के स्वाभाविक फैलाव और सिकुड़न को भी प्रोत्साहित करती है जिससे



इंटर कोस्टल मांसपेशियां सक्रिय होती हैं और फेफड़ों की क्षमता में सुधार होता है। यह डायाफ्रेमिक स्वांस में सहायक है, जो तंत्रिका तंत्र को शांत करता है और स्वांस नियंत्रण को बढ़ावा देता है, इससे प्राणायाम अभ्यास में सरलता आती है। यह योग क्रिया प्रोप्रियो सेप्सन और माइंडफुलनेस को बेहतर बनाती है। हेड स्टैंड (शीर्षासन) और सोल्जर स्टैंड(सर्वांगासन) जैसी चुनौती पूर्ण आसनों में संतुलन और सहजता लाता है। एकाग्रता, परिष्कृत, आत्मविश्वास में गहराई आती है। कंधों की हड्डियां और मांसपेशियां शक्तिशाली बनती हैं, कंधे सुडौल व सुंदर बनते हैं। साथ ही गर्दन के विकार ठीक होते हैं, कंधों का दर्द मिटता है, फेफड़े मजबूत होते हैं, शारीरिक क्षमता बढ़ती है, थायराइड को नियंत्रित करता है व रक्त संचार बेहतर होता है। यह योगाभ्यास ऊजार्वान तनाव मुक्ति और आराम देने वाला है, जिससे पैरासिंपैथेटिक प्रतिक्रिया सक्रिय होती है। मन में शक्ति सतर्कता संतुलन की स्थिति का निर्माण होता है। ध्यान को बेहतर बनाता है, चिंता कम करता है, मानसिक स्पष्टता को बढ़ाता है, मस्तिष्क संतुलन, भावनात्मक स्थिरता और सुस्पष्टता को बढ़ावा देता है।

बताया कि इस सूक्ष्म योग क्रिया को करने के लिए साम्यावस्था अर्थात एड़ी पंजा मिलाकर सीधे खड़े होते हैं, काकी मुद्रा द्वारा मुंह से आठ तक गिनकर सांस भरकर, गाल फुलाते हुए सिर को आगे झुका कर ठुड्ढी को कंठकूप से मिलाकर 32 तक गिनकर स्वांस रोक कर दोनों कंधों को ऊपर नीचे गति कराते हैं। सर को ऊपर उठाकर नाक से सांस को बाहर छोड़ते हैं इस क्रिया को तीन बार दोहराते हैं। शिथिल ताड़ासन में विश्राम करते हैं और कंधों में हुए सकारात्मक परिवर्तन को अनुभव करते हैं। सावधानी के तौर पर कुंभक सामर्थ्य के अनुसार करना चाहिए।

# 28 पर्यटको के प्रति अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की

ललितपुर । आज राष्ट्रीय मानव अधिकार सुधार संगठन द्वारा घंटाघर पर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में करूर आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्याओं ओर अंधाधुन गोलीबारी ओर नरसंहार की राष्ट्रीय मानव अधिकार सुधार संगठन द्वारा घोर निंदा की गई वह पहलगाम में मारे गए 28 पर्यटको के प्रति अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं भारत सरकार से मांग की गई कि ऐसे क्रूर आर्तंकियों वा उनके आकाओं को मुंहतोड़ जवाब दिया जाए और अंत में दो मिनट का मौन धारण करते हुए शहीद जनो के प्रति भगवान से प्रार्थना की उनकी आत्मा को सतगति मिले इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक कुमार स्वर्णकार महामंत्री रिंकू हरविंदर सिंह सलूजा ,सरदार मंजीत सिंह सलूजा, गंधर्व सिंह लोधी,जगदीश प्रसाद पाराशर, आसाराम तिवारी ,जितेंद्र सिंह सलूजा,सरदार सतनाम सिंह ,गिरजा शंकर दुबे जयशंकर प्रसाद दुबे, भगवत नारायण सोनी ,अशोक कुमार वर्मा रमेश कुमार जी ,रमाकांत तिवारी,अशोक कुमार सोनी ,राजकुमार राठौर,अरुण कुमार जैन ,रविंद्र सिंह राणा,अशोक कुमार,सरदार सतनाम सिंह भाटिया ,प्रमोद कुमार गोस्वामी ,बलवंत सिंह राजपूत,राकेश कुमार श्रीवास ,संग्राम सिंह यादव राम गोविंद शिल्पकार,सरदार जगजीत सिंह बॉबी ,करण सिंह चौहान निरंजन,विवेक स्वर्णकार,सरदार चरणजीत सिंह ,अनिल कुमार वर्मा,रामस्वरूप निरंजन आदि उपस्थित थे

# गर्मी में पक्षियों को राहत के लिए युवा संघ ने जगह जगह लगायें मिट्टी के पात्र

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर युवा संघ ललितपुर शहर में एक नेक पहल शुरू की है ।इस भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए राहत प्रदान करने के उद्देश्य से, युवा संघ ने रविवार को ललितपुर शहर के प्रमुख पेड़ों पर मिट्टी के पात्र लगाए गए।

इस कार्य से पक्षियों को ठंडा और ताजा पानी उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उनकी प्यास बुझाने में सहायता मिलेगी और उन्हें गर्मी से राहत मिलेगी। यह अभियान प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति हमारी संवेदनशीलता को दशार्ता है



और समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास है। युवा संघ की यह कोशिश समाज में जागरूकता फैलाने और सभी को अपने पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदार बनने के लिए प्रेरित करने का एक छोटा किंतु महत्वपूर्ण कदम है ।युवा संघ ने अपील की है अगर आपको यह घड़े खाली दिखते है तो कृपया इन्हें भर दे ।

**ɻपानी का घड़ा, हर पेड़ पर सजाएं,**
**पक्षियों को राहत, इस गर्मी में दिलाएं।**
**युवा संघ का प्रयास, प्रकृति के नाम,**
**हम सब मिलकर बनाएं जीवन आसान।**

# हिंदू संगठनों ने फूंका पाकिस्तान का पुतला



**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर शहर के श्री 1008 गौशाला अखाड़ा व्यायाम मंदिर तालाबपुरा में आज जम्मू कश्मीर के पहलगाम इलाके में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष हिंदू पर्यटकों को जिले के विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई तो वहीं तालाबपुरा स्थित अखाड़े के पास रोड पर पाकिस्तान का पुतला फूंका गया तथा पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए गए और आतंकवादियों द्वारा की गयी इस कायरता पर इसका करारा जवाब देने की सरकार से मांग की गई इस श्रद्धांजलि सभा में अरविंदर संज्ञा, रज्जन चतुवेर्दी,शीलचन्द्र सिंघई, पप्पी,सुन्नी सोनी,रजनीश गिरी,विपिन पाठक, पूरण कुशवाहा,कुंदन सेन,मूलचन्द्र विश्वकर्मा, परमानन्द झा,रोहित यादव,आदर्श जैन,अनिल गिरी, शिवम गुप्ता,अतुल श्रीवास्तव,रामेश्वर साहू ,कुक्कू श्रीवास्तव अभिषेक पुच्ची,संतोष सोनी,मनीष पवैया,मनीष पाठक. आदि सभी प्रमुख लोग मौके पर मौजूद रहे ।

# शक्ति देव महराज ने जगद्गुरु को भेंट की श्रीराम ध्वजा

**एनपीटी ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः श्री ब्रह्मा सिद्ध पीठ श्री ब्रह्मा मंदिर कुरुक्षेत्र हरियाणा के संस्थापक स्वामी शक्ति देव महराज कुरड़ी वाले द्वारा धर्मनगरी के प्रांगण में धार्मिक व आध्यात्मिक कार्यों को किया जा रहा है।

धर्मनगरी में शक्तिदेव महराज सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करने के लिए संत पूजन, कन्या पूजन, ब्राह्मण पूजन करते हुए सनातन धर्म प्रेमियों को श्री रामचरितमानस महाग्रंथ व रामध्वजा वितरित कर रहे है। श्री ब्रह्मा मंदिर कुरुक्षेत्र से धर्मनगरी आए महाराज शक्तिदेव महराज ने चित्रकूट के तुलसीपीठ के स्वामी रामभद्राचार्य को श्री रामचरितमानस, श्रीरामध्वजा व भगवान श्रीराम का स्वरुप भेंट कर सम्मानित किया।

# बाल सभा का आयोजन कर बच्चों व अभिभावकों को किया जागरूक



चित्रकूट ब्यूरोः समाजसेवी पिरामल संस्था ने रविवार को मऊ के छिवलहा, रामनगर के प्राथमिक विद्यालय रामनगर, पहाड़ी के चक जाफर और कर्वी के भरतकूप आदि गांवो में चैपाल लगाकर बाल सभा आयोजित का आयोजन किया। जिसमें बच्चों व अभिभावकों को जागरूक किया गया।

संस्था प्रबंधक अनिल शुक्ल ने बताया कि संस्था द्वारा बाल सभा का आयोजन 24 से 30 अप्रैल तक किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत संस्था के सदस्य गांवों और स्कूल दोनों के मध्य एक ब्रिज का कार्य करते हुए गाँव के लोगों को नशा मुक्त, वुमेन फ्रेंडली, चाइल्ड फ्रेंडली, और स्वच्छ पंचायत बनाने की चर्चा करते हुए जागरूक कर रहे है। साथ ही अभिभावकों की समस्या सुनते हुए, उनके बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने तथा नये बच्चों के नामांकन हेतु प्रेरित कर रहे है। जिसके क्रम में सभी ग्राम पंचायतों में बाल सभा का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों के मनोरंजन के लिए खेल गतिविधि के साथ शिक्षा के महत्व पर टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। साथ ही अभिभावकों से भी विस्तृत चर्चा की गयी। इस मौके पर ग्राम प्रधान, शिक्षकों सहित ग्रामीण आदि मौजूद रहे।

# सैमराडांग में भीषण गर्मी में पेयजल संकट गहराया

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। विकासखण्ड बार की ग्राम पंचायत सैमरा डांग में गर्मी का मौसम होते ही पानी की समस्या शुरू हो चुकी है। काफी दिनों से पाइपलाइन नहीं आ रही है और न ही नलों में पानी नहीं आया हैं फिर भी बताया गया है अगर पाइपलाइन आती है तो बहुत कम कम पानी आता है उसी में काफी पानी गंदा भी



आता है जिसमें पानी में कोई केमिकल नहीं मिलाई जा रही है पाइप लाइन बालों से बोल तो बोलते हैं, वह आपूर्ति की बात कहकर पल्ला झाड लेते हैं। जिसमें ग्रामीण अपने कुंए से ट्रैक्टरों से दम टंकी भर के ला रहे हैं जिसमें पाइपलाइन वालों के ऊपर ग्रामीणों का के खिलाफ काफी आक्रोश व्याप्त है उसी में ग्रामीणों के द्वारा बताया गया है की ब्लॉक के कर्मचारी और ग्राम प्रधान की मिली हुई भगत चलती है कोई भी काम यहां पर ढंग से नहीं होते हैं सिर्फ कागज पूर्ति की जा रही है आप अभी इस तस्वीरों में देख सकते हैं एक कुआं पर जल आया था उसकी आदि पेंटिंग की गई आदि अधूरी छोड़ दी गई है जैसे इस नल को देख सकते हैं आप कुंडी टूट गई है फिर भी ग्राम प्रधानों के द्वारा बनाई नहीं जा रही है।

# साइबर क्राइम के सम्बन्ध में पुलिस कर्मियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

चित्रकूट ब्यूरोः पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में चल रहे सात दिवसीय सीसीटीएनएस कैप्सूल कोर्स में नामित पुलिसकर्मियों को साइबर क्राइम के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में 25 अप्रैल से आयोजित किए गए सात दिवसीय सीसीटीएनएस कैप्सूल कोर्स में 12 पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो आगामी एक मई तक दिया जाएगा। साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक निशिकान्त राय ने बताया कि इस सात दिवसीय सीसीटीएनएस कैप्सूल कोर्स में साइबर सेल आरक्षी प्रशान्त कुमार द्वारा सभी 12 पुलिस कर्मियों को साइबर क्राइम के सम्बन्ध में प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिसमें पुलिसकर्मियों को वर्तमान समय में एपीके फाइल, आधार कार्ड के दुरुपयोग से होने वाले एवं विभिन्न प्रकार के साइबर क्राइम के सम्बन्ध में जागरुक किया जा रहा है। साथ ही साइबर क्राइम की शिकायत के त्वरित निस्तारण के लिए भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस मौके पर डिस्ट्रिक कोऑर्डिनेटर मनीष वर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भारतीय हिन्दू परिषद ने पहलगाम में मारे गए हिन्दुओं को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## ललितपुर के शनीचरा चौराहे पर नारेवाजी करते हुए पाकिस्तान का फूंका पुतला

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

ललितपुर । पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले में मारे गए बेगुनाह हिन्दुओं की आत्मा की शांति के लिए ललितपुर के घंटाघर के पास जिलाध्यक्ष ललितपुर महिला मोर्चा बंदना तिवारी की अध्यक्षता में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जिसमें सभी ने मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए एवं आतंकवादियों के समूल नाश के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई । भारतीय हिन्दु परिषद के कार्यकताओं ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि इस जघन्य हमले के दोषियों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए की उनके रोंगटे खड़े हो जाएं ताकि फिर ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति न हो सके।

बंदना तिवारी ने कहा कि जिस जम्मू-कश्मीर को आतंक के साये से बाहर निकालने में मोदी सरकार ने बड़ी सफलता पाई थी, वह देश के दुश्मनों और गद्दारों को फूटी आंख नहीं सुहा रहा लेकिन वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पा रहे थे

अब बहुत खून-खराबा सह लिया हमने हजारों भाई वहन खो? दिए लेकिन अब समय आ गया इनके समूल नाश होना ही चाहिए।

रीता सोनी ने कहा कि इस आतंकी घटना से पूरी दुनिया स्तब्ध है । आंतकवाद का बिरोध करने वाले सभी देश भारत के साथ हैं। श्रृद्धांजलि सभा में रीता सोनी, सुहानी गोस्वामी, अर्चना तिवारी , रमेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे

उधर भारतीय हिन्दु परिषद के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र पाठक की अध्यक्षता में शहर के शनीचरी चौराहे पर पाकिस्तान और आतंकवादियों का पुतला फूंका गया और आक्रोशित लोगों ने पाकिस्तान मुदार्बाद आतंकवादी मुदार्बाद के जमकर नारे लगाए पाकिस्तानियो दूध मांगोगे तो खीर देगें काश्मीर छीनना चाहोगे तो चीर देगेंग । नारेबाजी के बाद प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र पाठक ने कहा की हमारे निर्दोष हिंदु भाईयों की हत्या करने वाले आतंकी और उनके मददगार बख्शे नहीं जाएंगे। हमारी सेना के बीर जवान उन्हें उनको पाताल से भी खोजकर उन्हें सही जगह पंहुचा देंगे ।

पुतला दहन के दौरान प्रदेश महासचिव राकेश यादव , उपाध्यक्ष सुधीर कुमार श्रीवास्तव , बुंदेलखंड प्रभारी अशोक स्वर्णकार , जिलाध्यक्ष बलबंत सिंह , वेदप्रकाश लिटौरिया , जिला उपाध्यक्ष आनंद निगम विश्वास अर्पित पाठक, गोविंद सिंह आनंद सिंह कमल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# आतंकवादी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकाला

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



सीकर आभावास। नजदीकी ग्राम पंचायत आभावास में आतंकवादी हमले के विरोध में कैंडल मार्च 27 अप्रैल 2025 को शाम 7:00 बजे से भीमराव अंबेडकर युवा संगठन समिति एवं सर्व समाज की ओर से श्रद्धांजलि सभा एवं कैंडल मार्च निकाला गया। जानकारी के अनुसार कश्मीर पहलगाम घाटी में आतंकवादियों के द्वारा बेरहमी पर्यटकों के के नरसंहार में प्राणों का न्यौछावर करने वाले लाडले सपूत शहीद पर्यटकों को अंबेडकर सर्किल आभावास में श्रद्धांजलि दी गई एवं एवं 2 मिनट का मौन धारण किया। यह कैंडल मार्च बालाजी गेट से शुरू होकर अंबेडकर सर्किल पहुंचा। इस दौरान वार्ड पंच भागीरथ मल सीगड़, बिरदीचंद मुण्डोतिया,सुवालाल मनोहर, गोकुल, पवन चावला, राजेश मुण्डोतिया, राम अवतार आदि मौजूद रहे

# शिमला में समाजसेवी घुमरिया ने फीता काटकर किया वाटर कूलर का उद्घाटन



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। जिले के खेतड़ी क्षेत्र के शिमला गांव में समाजसेवी मनोज घुमरिया ने वाटर कूलर का उद्घाटन फीता काटकर किया।

वाटर कूलर गांव के ही खेमचंद कुमावत तथा महिपाल कुमावत ने अपने पिता महिपाल सिंह की याद में लगवाया। इस दौरान कंवर सिंह, राजवीर यादव, ईश्वर यादव, सुभाष यादव, महिपाल कुमावत, शीशराम ठेकेदार, दाताराम, मामचंद, भवानी शंकर शर्मा, नरेश यादव, सुभाष यादव, राजेंद्र, सुरज्ञान कुमावत, श्रीराम कुमावत, सतपाल, कैप्टन नरेश यादव, इंद्रजीत यादव सहित काफी संख्या में महिला व पुरुष मौजूद रहे।

# आपदा में अवसर खोजने वाले को खिलाड़ियों ने खेल संकुल में श्रमदान कर दिया करारा जवाब

**ब्यरो -एनपीटी**



बूंदी! 27 अप्रैल खेल संकुल के गार्डन में जिला बैडमिंटन संघ , जिला खेलकूद विकास समिति ,लाल योग ने संयुक्त रूप से श्रमदान कर पानी पिलाकर आग से झुलसी घास को पुनः विकसित करने के तहत आधे भाग को पुनः सामान्य कर आपदा में अवसर खोजने वाले को करारा जवाब दिया।

श्रमदान में जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अजय नुवाल एडवोकेट, स्वागत सचिव मुकेश दाधीच, जिला खेलकूद विकास समिति के अध्यक्ष शक्ति तोषनीवाल,लाल योग गुरु दीपक गुजर,योग प्रशिक्षक प्रांशु सिंह गहलोत ,खिलाड़ी ईरेन डंगवाल , ओम प्रकाश शामिल रहे ।

बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अजय नुवाल एडवोकेट , समिति अध्यक्ष शक्ति तोषनीवाल ने बताया गत 10-15 वर्षों से इस खेल संकुल में हम नियमित रूप से रनिंग करने आते हैं किंतु हाल ही में आए नये खेल अधिकारी श्री हर्षवर्धन सिंह चुंडावत एवं पूर्व खेल अधिकारी सुरेंद सिंह ने अथक प्रयास करके खेल संकुल में खिलाड़ियों के लिए फुटबॉल ग्राउंड , शूटिंग रेंज ,वालीबाल के ग्राउंड विकसित कर सुचारू रूप से खिलाड़ीयो को उपलब्ध कराए हैं, वहीं स्विमिंग पूल को व्यवस्थित तरीके से चालू करवाकर माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम कृष्ण जी बिरला के सपनों को आम खिलाड़ियों तक पहुंचाया है जिसका लाभ सभी बूंदीवासी ले रहे है और रनिंग ट्रैक में खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स शूज किट में आने के लिए अनुशासित किया है । खेल संकुल में लाइटिंग व्यवस्था सुचारू करके अंधेरे से निजात दिलाया इस योगदान को खिलाड़ी कभी भी नहीं भूल सकते किंतु कुछ नकारात्म लोग जिन्होंने कुछ नहीं किया वह इस उपलब्धियो से परेशान है। जिनकी वजह से गार्डन में पानी देने का बोरिंग सन 2011 का है किंतु आवश्यकता अनुरूप एक और नहीं लगाया गया । साथ ही गार्डन की लेवलिंग भी सही तरीके से नहीं रखी गई ।

स्वागत सचिव मुकेश दाधीच ने बताया कि बूंदी का खेल एवं खिलाड़ी अब जग चुका है किसी भी तरह की खेल और खिलाड़ी के साथ की गई नापाक हरकत को खिलाड़ी बर्दाश्त नहीं करेगा तथा यह श्रमदान सांय 5 से 7:00 बजे तक किया गया ।इसका शेष कार्य दूसरे चरण में जल्द किया जाएगा ।

## पूर्व विधायक अशोक डोगरा एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने पेयजल व्यवस्था पर जताई चिंता

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी । प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर के बूंदी आगमन पर पूर्व विधायक अशोक डोगरा एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने बूंदी की पेयजल व्यवस्था पर चिंता जताते हुए मांगली नदी के पुराने पम्प सेटो और मोटरो को शीघ्र बदलवाने की मांग की । जिस पर प्रभारी मंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुआ जलदाय विभाग के चीफ इंजीनियर से बात कर आपात स्थिति मानते हुए 65.14 लाख रुपये का बजट स्वीकृत करने के निर्देश दिए । जिस पर चीफ इंजीनियर ने तुरंत वित्तिय स्वीक्रती जारी कर मंगली पम्प हाउस के साथ अतिरिक्त मोटर एवं पैनल सेट बदलने की बजट सैंक्शन आदेश जारी किया । शीघ्र अति शीघ्र टेंडर लगवाकर इस गर्मी के मौसम में जानता को राहत दिलाने के निर्देश दिए। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने दी ।

## 30 सितंबर तक बकाया ऋण जमा कराने पर मिलेगा एकमुश्त समाधान योजना का लाभ

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी, 27अप्रेल। बजट घोषणा के अनुसार प्रदेश में पहली बार राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड द्वारा राष्ट्रीय निगमों की ऋण योजनाओं के अंतर्गत बकाया अतिदेय मूलधन की वसूली हेतु बजट घोषणा वर्ष 2025-26 में एकमुश्त समाधान योजना की घोषणा की गई है।अनुजा निगम के परियोजना प्रबंधक अर्पित जैन ने बताया कि 31 मार्च 2024 से पूर्व ऋण लेने वालों द्वारा बकाया ऋण दिनांक 30 सितंबर 2025 तक जमा कराए जाने पर एकमुश्त समाधान योजना में उनकी अतिदेय मूलधन राशि जमा कराने पर अतिदेय ब्याज एवं शास्ति/पेनल्टी की राशि की शत-प्रतिशत छूट मिल सकेगी। योजना का लाभ 30 सितंबर 2025 तक सम्पूर्ण राशि जमा करवाने पर ही मिलेगा।उन्होंने बताया कि ऐसे समस्त बकायादार सम्पूर्ण जमा करवाकर एक मुश्त समाधान योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर 2025 के बाद 01 अक्टूबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक मूलधन एवं ब्याज जमा कराने वाले ऋणी की शास्ती/ पेनल्टी ही माफ की जायेगी।इसमें होने वाले हर्जे-खर्चे के लिए बकायादार स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# अमावस्या पे मूंदवाडा के जसनाथ आश्रम में महिला मंडल द्वारा सेवा कार्य

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**



सीकर। सेवार्थ महिला फाउंडेशन सदस्य द्वारा आज अमावस्या के अवसर पे जसनाथ आश्रम में महिला मंडल द्वारा सेवा कार्य किए गए । संस्था एडमिन समाजसेवी संतोष जांगिड़ ने बताया कि हमारा ग्रुप हर पूर्णिमा और अमावस्या पे अलग अलग मंदिर और आश्रम में सेवा कार्य करते है उसी के तहत आज पक्षियों को दाना डाला गया । अमावस्या को सेवा और दान के लिए शुभ माना जाता है, खासकर पितरों की शांति के लिए। इस दिन, लोग पितरों को प्रसन्न करने के लिए दान, स्नान, और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का पालन करते हैं. अमावस्या पर उपवास करने से शरीर और मन शुद्ध होता है, जिससे व्यक्ति अपने भीतर के आत्म और आध्यात्मिक ऊर्जा से जुड़ पाता है । महंत गोपीनाथ द्वारा सभी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रियंका जांगिड़ कमलेश कुमावत संगीता सैनी सूरजभान भूरिया युवराज मनोज पुनिया उपस्थित रहे।

# हांजी शाहिद अली को बनाया ईदगाह कॉलोनी मदीना मस्जिद का सदर

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी! 25 अप्रैल तालेड़ा ईदगाह कॉलोनी मदीना मस्जिद मैं शुक्रवार को बाद नमाज ईशा मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें नई कार्यकारिणी बनाई गई जिसमें निम्न सदस्य बनाएं गए जो मस्जिद का कार्य देखेंगे एवं हर महीने मीटिंग करके मस्जिद का कार्य कैसे अच्छा करने की कोशिश रहेगी यह मीटिंग आम मुस्लिम समाज की सहमति से रखी गई है ईदगाह कॉलोनी मस्जिद सदर पद पर हांजी शाहिद अली, को नियुक्त किया, अब्दुल कयूम खजांची, अनवर अली सेक्रेटरी, मोहम्मद हुसैन सदस्य, मोहम्मद अली (बाबू) सदस्य, दानिश, सलीम मंसूरी, मुस्तकीम, अब्दुल हनीफ, अशफाक पठान, मोहम्मद रफीक को सदस्य नियुक्त किया गया। इस दौरान फरीद भाई ठेकेदार, नूर भाई, अब्दुल रफीक (हिना कर बाजार)'हांजी नसिर अली जी, फिरोज अली,आमद अली, सद्दू अली, संजू अली, सलाम शाह, अजहरुद्दीन, वसीम आरिश, नौशाद, रईस, कमरू भाई, मीटिंग के दौरान मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

# विधायक माहेश्वरी और ग्रामीणों के बीच नोकझोंक, पंचायत समिति बनाने की मांग पर बिफरे लोग

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

राजसमंद। घटना उस समय हुई जब माहेश्वरी एक विवाह समारोह में शामिल होने गांव आई थीं। ग्रामीणों ने विधायक से तीखे सवाल पूछे और नाराजगी जताई। विधायक ने अधिकारियों से बातचीत का प्रस्ताव दिया, लेकिन ग्रामीणों ने सीधी मांग करते हुए कहा कि उन्हें सिर्फ गिलूण्ड को पंचायत समिति बनाना है।

राजसमंद में गिलूण्ड को पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विधायक दीप्ति माहेश्वरी का घेराव किया। इस दौरान विधायक माहेश्वरी और ग्रामीणों के बीच तीखी नोक जोक भी हुई। ग्रामीणों द्वारा घेराव करने का वायरल वीडियो गिलूण्ड गांव का ही बताया जा रहा है, जहां विधायक अपनी कार के पास खड़ी ओर ग्रामीण गिलूण्ड को पंचायत समिति बनाने की मांग कर रहे हैं। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक को खरी खोटी भी सुनाई।

जानकारी के अनुसार विधायक शनिवार को गिलूण्ड में माणक चौक के पास पूर्व उपसरपंच जमना दास वैष्णव के यहां विवाह समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान ग्रामीणों को जब मालूम पड़ा कि विधायक आज गांव में आए हुए हैं, तो ग्रामीण भी वहा पहुंचने लगे। देखते ही देखते 50 से 60 ग्रामीण वहा पहुंच गए। इस दौरान रेलमगरा पुलिस थाने से भी पांच सात पुलिस के जवान गांव में पहुंच गए।

जब विधायक वापस घर से बाहर निकलीं और अपनी कार में बैठने लगीं तो ग्रामीण गिलूण्ड को पंचायत समिति बनाने के बारे में पूछने लगे। आखिर ऐसी क्या वजह है, जिसके कारण गिलूण्ड को पंचायत समिति नहीं बनाया जा सकता है। इसके बाद माहेश्वरी ने कहा इस संदर्भ में वो संबधित पदाधिकारियों से बात कर लेंगी और अब ऐसी कोई तारीख तय कर लो जिस दिन सभी बैठ कर बात कर लेते हैं। तो ग्रामीण बोले कि हमें कोई बात नहीं करनी। हमें तो बस गिलूण्ड पंचायत समिति बने ये चाहिए। इसके बाद माहेश्वरी ने गिलूण्ड गांव से प्रस्थान कर लिया। घेराव के दौरान अंबालाल गाडरी, गणेश लाल ओस्तवाल, नंदलाल लड्ढा, किशन लाल माली, ललित जैन सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# किशोरी और उसकी मां पर एसिड अटैक करने वाला गिरफ्तार, खंडहर में छिपा था आरोपी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



चित्तौड़गढ़। इस हमले में किशोरी की एक आंख की स्थायी रोशनी चली गई और दूसरी आंख की 90 प्रतिशत रोशनी भी प्रभावित हुई। आरोपी, जो घटना के बाद खंडहर में छिप गया था, को रेलवे थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और ऑटो चालकों की मदद से चन्देरिया रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया।

रेलवे स्टेशन चित्तौड़गढ़ क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी और उसकी मां पर एसिड अटैक करने वाले आरोपित को रेलवे थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी एसिड अटैक के बाद खंडहर में छिप गया था, जिसे सीसी टीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया। एसिड अटैक में नाबालिग किशोरी की आंखों की रोशनी चली गई है। मां और बेटी सुबह शौच के लिए गए तब एसिड अटैक की घटना हुई थी। फिलहाल आरोपित से रेलवे थाना पुलिस पूछताछ में जुटी हुई है।

चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन क्षेत्र में शुक्रवार को एक नाबालिग किशोरी और उसकी मां पर रेलवे स्टेशन पर यह वारदात हुई। एक परिवादिया ने पुलिस थाने पर जुबानी शिकायत की थी, जिस पर धारा 124 (1) बीएनएस में प्रकरण दर्ज किया गया। प्रार्थिया ने शुक्रवार को थाने पर जुबानी बताया कि वह भीख मांग कर परिवार का भरण पोषण करती है। वह गुरुवार को अजमेर से ट्रेन में चित्तौड़गढ़ आए थे। उसके पति गरीब हैं तथा तीन बच्चों के साथ एक माह पूर्व रमजान माह में गांव से निकले थे।

गुरुवार रात को चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 4 पर रुके थे। यहां गुरुवार सुबह अपनी बेटी के साथ सुबह 6 बजे शौच के लिए प्लेटफार्म एक से आगे भीलवाड़ा की तरफ करीब 200 मीटर पटरी के पास झाड़ी में गए। तभी एक युवक पिट्ठु बैग लटकाए उधर आया, जिसने नीले कलर शर्ट की पहनी थी। उसके दाढ़ी भी थी। उसके हाथ में एक बोतल थी। यह युवक आगे आया तो उसकी बेटी ने रोका। इस पर युवक ने बोतल में भरा पदार्थ बेटी के आंखों पर डाल दिया। इससे वह चिल्लाई तो प्रार्थिया युवक को पकड़ने भागी। युवक ने उस पर भी पदार्थ फेंक दिया, जिससे हाथ झुलस गया।

आरोपी युवक पटरी से बस स्टैंड की तरफ भाग गया। बेटी की आंखों में दर्द एवं जलन हो रहा था। इस पर उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बताया कि उसकी पुत्री की एक आंख की स्थाई रोशनी चली गई। वहीं दूसरी आंख की 90 प्रतिशत रोशनी चली गई है। इस पर रेलवे थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत करवाया तथा रेलवे थानाधिकारी अनिल देवल के नेतृत्व में टीम का गठन किया। इस टीम ने शहर के सरकारी व गैर सरकारी भवनों, दुकानों, पार्क इत्यादि जगह तलाश की। सैकड़ों कैमरों की फुटेज खंगाले। इसमें काफी दूरी से आरोपित के एसिड फेंकने का परछाईनुमा खाका नजर आया। इस पर अभय कमाण्ड के कैमरे की मदद से आरोपित ऑटो में बैठता नजर आया। बाद में भी वह फुटेज में दिखा। ऑटो के नंबर से जांच की तो आरोपित के चंदेरिया रेलवे स्टेशन जाने की बात सामने आई। यहां पुलिस ने ऑटो चालकों से पूछताछ की। इन्हें सीसी टीवी वीडियो दिखाए। इनकी मदद से रेलवे स्टेशन चन्देरिया के दो किलोमीटर की परिधी में आरोपित की तलाश की। यह आरोपित चन्देरिया रेलवे स्टेशन के पास खण्डरों में छुपा हुआ बैठा मिला इसे आरपीएफ स्टॉफ व ऑटो चालकों की मदद से दस्तयाब कर थाने लेकर आए। फिलहाल इसको बापर्दा गिरफ्तार किया जाकर अनुसंधान जारी है। आरोपित की पहचान मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में महू थाना अंतर्गत अंबेडकर नगर टाल निवासी मोहम्मद इस्माइल पुत्र मोहम्मद हारुन के रूप में हुई है। रेलवे थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ में जुटी हुई है।

# राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी 29 को आएंगी उदयपुरवाटी

## इंद्रपुरा में आयुर्वेदिक औषधालय का करेंगी उद्घाटन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



झुंझुनूं। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी 29 अप्रैल को उदयपुरवाटी आएंगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का 1 घंटे का कार्यक्रम तीन स्थानों पर निर्धारित है। 29 अप्रैल को सुबह 10 बजे घाट के पास स्थित इंदरपुरा रिजॉर्ट में उनका स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात 10 बजे उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी इंद्रपुरा पहुंचेंगी। भाजपा नेता और शैखा सेवा संस्थान के मैनेजिंग ट्रस्टी विजेंद्र सिंह इंद्रपुरा ने बताया कि इंद्रपुरा में किशन कंवर डिप्टी जैत सिंह मेमोरियल आयुर्वेदिक औषधालय का शुभारंभ करेंगी। धमाणा शैखा सेवा संस्थान आयोजित कार्यक्रम में 10:30 बजे से भंवर कंवर सुगन सिंह शिक्षा महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री दिया कुमारी शामिल होगी। भाजपा नेता और शैखा सेवा संस्थान के मैनेजिंग ट्रस्टी विजेंद्र सिंह इंद्रपुरा के अनुसार उपमुख्यमंत्री लगभग 11 बजे कार्यक्रम स्थल से रवाना हो जाएगी।

# शराब सेल्समैन पर हमला कर लूटपाट का आरोपी गिरफ्तार

## एसओजी शामली व कांधला पुलिस ने किया मामले का खुलासा, 6500 रुपये की नकदी, तमंचा, कारतूस बरामद

■ दो अन्य फरार बदमाशों की भी तलाश की जा रही

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**शामली।** एसओजी शामली व कांधला पुलिस ने कांधला-बुढाना मार्ग पर शराब सेल्समैन पर हमला कर लूटपाट करने की घटना का खुलासा करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से 6500 रुपये की नकदी, तमंचा व कारतूस भी बरामद किए हैं। इस घटना में शामिल अन्य बदमाशों की भी तलाश की जा रही है।



रविवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी रामसेवक गौतम ने शराब सेल्समैन से लूट का खुलासा करते हुए बताया कि गांव लिसाढ निवासी गुलवीर मलिक शराब सेल्समैन है। 17 अप्रैल को गुलवीर मलिक अपना काम खत्म कर वापस लौट रहा था, जब वह कांधला से बुढाना मार्ग पर गांव अट्टा के निकट पहुंचा तभी अज्ञात बदमाशों ने उसे रोककर उसके साथ मारपीट करते हुए नकदी लूट ली थी तथा फरार हो गए। पुलिस ने गुलवीर मलिक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। रविवार को कांधला पुलिस ने लूटकांड का खुलासा करते हुए फतेहपुर नहर पुलिया के निकट से घटना में शामिल एक बदमाश अनिकेत उर्फ अनी उर्फ कट्टा पुत्र देवेन्द्र निवासी गांव डूंगर थाना फुगाना जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से लूटी गयी 6500 रुपये की नकदी, एक तमंचा व कारतूस भी बरामद किए। पूछताछ में अनिकेत ने बताया कि गुलबीर मलिक उर्फ रोमी से उधार शराब न देने को लेकर उसका पहले भी विवाद हुआ था। 17 अप्रैल की शाम वह और उसका साथी चांदवीर उर्फ युवी व एक अन्य व्यक्ति जिसे चांदवीर जानता है, के साथ भभीसा ठेके के सामने अंधेरे में खडे होकर गुलवीर का इंतजार करने लगे, जैसे ही गुलवीर अपनी बाइक से कांधला की तरफ चला, उन्होंने उसका पीछा किया तथा अट्टा गांव से निकलने के बाद रेलवे फाटक से कुछ पहले उन्होंने गुलबीर की बाइक में टक्कर मारी जिस कारण वह गिर पडा, इसके बाद उन्होंने गुलबीर से मारपीट करते हुए 46 हजार रुपये की नकदी लूट ली। 16 हजार रुपये उसने अपने पास रखे जबकि 15-15 हजार रुपये उसने चांदवीर व उसके साथी को दे दिए। एसपी ने बताया कि पुलिस इस घटना में शामिल चांदवीर उर्फ़ युवी व उसके साथी की तलाश कर रही है।

## भाविप अमृत ने लगाया निशुल्क ठंडे पानी का प्याऊ

शामली। भारत विकास परिषद अमृत द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए रविवार को सिटी बिजलीघर के निकट निशुल्क ठंडे शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। प्याऊ के शुभारंभ से लोगों को ठंडे पानी की सुविधा मिलेगी।

जानकारी के अनुसार इन दिनों पड रही भीषण गर्मी व लू के प्रकोप को देखते हुए भारत विकास परिषद अमृत शाखा द्वारा रविवार को सिटी बिजलीघर के निकट निशुल्क शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। संस्था के संस्थापक श्रीपाल गोयल ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते संस्था द्वारा यह प्याऊ लगवाया गया है। आगामी 2 मई को भी संस्था द्वारा एक और प्याऊ लगवाया जाएगा। इस मौके पर अंकित गोयल, डा. निशांत गुप्ता, संस्था अध्यक्ष अजय संगल, ब्रिजेश सैनी, रामगोपाल शर्मा, अजय गर्ग, खंजाची वार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, डा. अर्जुन वर्मा, सुरेन्द्र बंसल, विजय संगल, डा. मनोज अग्रवाल आदि भी मौजूद रहे।

# बधेव गांव में चोरों का आतंक, एक घर में चोरी, दूसरे में प्रयास विफल

## एक घर में घुसकर 40 हजार की नकदी, सोने की चेन, झुमकी व कागजात चोरी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**शामली।** क्षेत्र के गांव बधेव में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर 40 हजार की नकदी, सोने की चेन, कानों की झुमकी व कीमती कागजात चोरी कर लिए। चोरों ने एक अन्य मकान में भी चोरी का प्रयास किया लेकिन सफल नही हो सके जिसके बाद वे मौके से चंपत हो गए। सूचना मिलते ही आदर्श मंडी पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव बधेव निवासी बीना के पति की काफी समय पूर्व मौत हो गयी थी जिसके बाद वह अकेली रहती है। बीना की पुत्री सोनम लुधियाना में रहती है जो वहीं जॉब करती है। बीना ने अपनी जमीन को ठेके पर दे रखा है और गेहूं की कटाई के



लिए 17 अप्रैल को अपनी पुत्री के यहां से गांव आयी थी। बीती रात बीना अपने कमरे में सो रही थी, इसी दौरान अज्ञात चोर जीने के रास्ते घर में घुस गए तथा बीना के कमरे के बाहर का कुंडा लगा दिया। इसके बाद चोर दूसरे कमरे के बाहर पहुंचे तथा जंगला किसी तरह तोड दिया तथा अंदर घुस गए तथा वहां अलमारी में रखी 40 हजार रुपये की नकदी, एक सोने की चेन, कानों की झुमकी सहित कीमती काजगात जिसमें एटीएम, आधार कार्ड, बैंक की पासबुक भी चोरी कर ली। सुबह करीब साढे 4 बजे बीना की नींद खुली तो उसने कमरे का बाहर का कुंडा लगा देखकर बराबर में ही रहने वाले अपने रिश्तेदारों को फोन कर बुलाया जिसके बाद चोरी की घटना का पता चला। रिश्तेदारों ने मामले की सूचना तुरंत आदर्श मंडी पुलिस को दी जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जांच पडताल की। जांच के दौरान पता चला कि चोरों ने पडौस में ही रहने वाले अक्षय नामक युवक के घर में चोरी का प्रयास किया लेकिन परिवार में जाग हो जाने के चलते चोर सफल नहीं हो पाए और फरार हो गए। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच पडताल में जुट गयी है।

# नहाते वक्त यमुना के गहरे कुंड में समा गए हरियाणा के तीन युवक



■ गर्मी से निजात पाने को साथियों के साथ यमुना स्नान के लिए पहुंचे थे तीनों युवक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कैराना।** गर्मी से निजात पाने को स्नान के लिए आये हरियाणा के तीन युवक नहाते वक्त यमुना में बने गहरे कुंड में समा गए। यमुना में डूबे युवकों की तलाश में गोताखोर जुटे हुए है।

रविवार दोपहर बाद करीब तीन बजे पानीपत के वार्ड संख्या-12 की वीरनगर कॉलोनी निवासी राकेश(24), पिंटू(30) व श्यामू(19) अपने दोस्त सूरज व अजय के साथ में नहाने के लिए यमुना पर आए थे। राकेश का भाई राजेश भी उनके साथ आया था। बताया जा रहा है कि युवक राकेश, पिंटू व श्यामू हरियाणा की ओर यमुना में नहाने लग गए, जबकि सूरज, राजेश व अजय बाहर किनारे पर बैठे रहे। इसी दौरान नहाते वक्त तीनों युवक यमुना में बने गहरे कुंड में डूबने लगे। युवकों को डूबता देख बाहर बैठे उनके साथियों ने शोर मचा दिया। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिस पर यमुना ब्रिज चौकी पर तैनात यूपी व हरियाणा के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तथा डूबे युवकों की तलाश शुरू कराई। बाद में कैराना से प्रशिक्षु सीओ जितेंद्र कुमार व अपराध निरीक्षक कमल किशोर भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों से घटना की जानकारी हासिल की। साथ ही, यमुना में डूबे युवकों की तलाश में लगे गोताखोरों को सर्च अभियान में तेजी लाने को कहा। वहीं, मामले की जानकारी होने पर युवकों के परिजन भी यमुना पर पहुंच गए। युवकों के यमुना में डूबने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। शाम तक यमुना में डूबे युवकों की तलाश जारी थी। उधर, प्रशिक्षु सीओ जितेंद्र कुमार का कहना है कि नहाते वक्त हरियाणा के तीन युवक यमुना में डूबे है, जिनकी तलाश में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

# चबूतरे पर बैठे युवक पर रंजिशन कुल्हाडी से ताबडतोड वार

## पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, घटना से गांव में अफरातफरी फैली, आरोपित हुआ फरार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**चौसाना।** टोडा गांव में रविवार की सुबह एक युवक गली के किनारे पर बने चबूतरे पर बैठा था,तभी दूसरा युवक आया और चबूतरे पर बैठे युवक पर कुल्हाडी से ताबडतोड वार करते हुये घायल कर दिया। पीडित युवक ने स्वयं को बचाने का प्रयास किया लेकिन आरोपी युवक लगातार प्राणघातक वार करता गया और गम्भीर घायलावस्था मे सडक पर जा गिरा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और घायल को ऊन पीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहॉ से घायल युवक को मेरठ रेफर कर दिया गया।

घटना के बाद से गांव मे तनावपूर्ण हालात है। खुलेआम हुई घटना से हर कोई सकते है और सुरक्षा व्यवस्था व कानून के खौफ की अलग अलग परिभाषा गढ रहा है। बताते है कि चौसाना चोकी क्षैत्र के गांव टोडा निवासी सरफराज व गांव के ही गौतम के मध्य युवती से फोन पर बातचीत करने को लेकर विवाद था। सरफराज पैंट करने का कारीगर है और परिवार के लोग मेहनत मजदूरी करते है। जो दो दिन पूर्व ही गांव मे आया था और मुख्य मार्ग की गली के कोने पर बने चौंतरे पर बेठा था। उसी दौरान गौतम अपने हाथ मे कुल्हाडी लेकर आया और सरफराज पर ताबडतोड वार करने शुरू कर दिये। पीडित सरफराज ने खुद को बचानो का प्रयास किया लेकिन फिर भी





### आरोपी की 26 ऐलानिया कत्ल की धमकी

घायल सरफराज की मां ने बताया कि प्राणघातक हमला करने के बाद हम लोग चीख पुकार सुनकर सरफराज को बचाने को भागे तो आरोपी अपने हाथो मे कुल्हाडी दिखाकर बोला कि अगर बचा सको तो बचा लो, मैं तुम्हरे 26 लोगों को मारूंगा। घटना इतनी भयावह थी विडियो को देखकर हर कोई सन्न है और गांव मे दहशत का माहौल फैला हुआ है।

आरोपी वार करता गया। पूरी घटना पास मे लगे सीसीटीवी केमरे मे रिकॉर्ड हो गई। घटना के बाद से आरोपी गौतम मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुॅची और घटना की जानकारी ली। गम्भीर घायलावस्था मे पीडित को पीएचसी ऊन भर्ती कराया गया जहॉ से उसके जिला अस्पताल व जिला अस्पताल से मेरठ रेफर किया गया। पीडित व आरोपी युवक 22-24 साल के बताये गये है।

**मीडिया से घटना साझा करने पर भडकी पुलिस**-चौसाना। कानून को तांक पर रखकर एक युवक कत्ल करने की नियत से हमला करता है और बैखौफ होकर पीडित परिवार के लोगो को ऐलानिया 26 कत्ल करने की धमकी देता है,लेकिन पुलिस की संवेदना पीडित परिवार के साथ ना होकर ,आरोपी को पकडने की बजाय पुलिसकर्मियो पर व समाज के मौजिज लोगो पर यह दबाव बनाने की रही कि मीडिया को दुस्साहिक घटना साझा क्यों की गई। मीडिया पुलिस -प्रशासन के सहयोग व समाज मे पनप रहे अपराध को आईना दिखाने का प्रयास करता है,ना कि अपराधियों के हौसले बढाने का काम करता है।

**मासूम बालक की बाल बाल बची जान**-चौसाना। जिस वक्त आरोपी गौतम, पीडित सरफराज पर हमला कर रहा था उसी दौरान सरफराज के पास चबुतरे पर एक तीन साल का बालक बैठा हुआ खेल रहा था। समय अच्छा था कि गौतम की कुल्हाडी का वार बालक को नही लगा। घायल सरफराज के परिजनों ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि आरोपी व उसके परिवार के लोग खुलेआम घूम रहे है और फिर से हमला कर सकता है। आरोपी ने ऐलानिया कत्ल करने की धमकी दी है। पीड़ितों का कहना है कि अगर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई नहीं की तो बड़ी घटना हो सकती है। परिजन आरोपित की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

### चौसाना पुलिस को फटकार

चौसाना। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के बाद हदय विदारक घटना देखकर व पुलिस के डर से लोग अपने अपने घरो को चले गये और गांव मे सन्नाटा पसर गया। घटना को हल्के मे लेकर चौसाना पुलिस मौके से चली गई। मौके से डायल 112 भी चलने लगी तो तभी प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र शर्मा मौके पर पहुॅचें और चौसाना पुलिस को मौके से चले जाने पर जमकर फटकार लगाई।

## संक्षेप समाचार :

### गो वंश अवशेष मिलने पर हिन्दू संगठनों की तहरीर पर मुकदमा

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव ब्रह्मखेड़ा में गौवंश के अवशेष मिलने पर सनसनी फैल गई थी। घटना के संबंध में हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए पुलिस को तहरीर देकर मामला पंजीकृत करा दिया है। शनिवार को क्षेत्र के गांव ब्रहमखेडा के जंगल मे के निकट खेतों में कार्य करने के दौरान कुछ किसानों को प्रतिबंधित पशु के अवशेष पड़े दिखाई दिए थे। जंगल में जाकर देखा कि गौवंश का सर व अन्य अवशेष मौके पर पडे थे। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। तथा मौके पर दर्जनों लोग एकत्रित हो गए। हिन्दू संगठन के लोगों ने मोके पर पहुंचकर घटना पर हंगामा करते हुए जमकर रोष व्यक्त किया था। पुलिस ने गौवंश के अवशेषों को कब्जे में लेने के बाद जांच के लिए भेज दिया था। घटना के संबंध में ग्रामीणों व हिंदू संगठनों के लोगों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। वहीं देर रात हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता अमित, सुमित, संजीव, सर्वेश गिरी निवासी शामली ने पुलिस को संयुक्त रूप से घटना के संबंध में अज्ञात गौ हत्यारे के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना के संबंध में पुलिस ने अज्ञात गौ वंश हत्यारो के विरुद्ध मामला पंजीकृत करते हुए तलाश शुरू कर दी है।


### दीवार क्षतिग्रस्त करने के मामले में अभियोग पंजीकृत

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी मांगे सिंह ने कई दिन पूर्व थाने पर तहरीर देकर बताया था कि वह अपने घर पर बैठा हुआ था आरोप है कि घरेलू बंटवारे को लेकर उसका भाई मैनपाल पत्नी मेमता वह पुत्र शुभम हाथों में लाठी डंडे लेकर पीड़ित के घर में घुस आया था और मारपीट करते हुए उसकी दीवार को क्षतिग्रस्त कर गिरा दिया था। परिजनों ने पीड़ित को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। पुलिस ने भी जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया था। रविवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध पीड़ित की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पत्नी के साथ मारपीट करने पर पति का चालान

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में एक सप्ताह पूर्व पत्नी के साथ मारपीट कर जहर देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए कानूनी कार्रवाई कर चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी महिला आशा ने एक सप्ताह पूर्व थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसके पति सागर ने पीड़िता के साथ मारपीट करते हुए अपने परिजनों के साथ मिलकर जहर दे दिया। महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। महिला ने आरोपी पति सहित ससुरालयों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। रविवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति सागर को गिरफ्तार करते हुए उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर चालान कर दिया।

### अधिवक्ता की पुत्री ने 10वीं में हासिल किए 80 .5 फीसदी अंक



कैराना। कस्बे के मोहल्ला कलालान निवासी आस मोहम्मद एडवोकेट की पुत्री अदीबा ने 10वीं कक्षा में 80 .5 फीसदी अंक प्राप्त करके माता-पिता एवं शिक्षकों का मान बढ़ाया है। कैराना कस्बे के मोहल्ला कलालान निवासी आस मोहम्मद पेशे से अधिवक्ता है। उनकी पुत्री अदीबा नगर के जाकिर मेमोरियल इण्टर कॉलिज में कक्षा दस की छात्रा है। विगत 25 अप्रैल को माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर-प्रदेश द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है, जिसमें अधिवक्ता आस मोहम्मद की पुत्री अदीबा ने 80 .5 फीसदी अंक प्राप्त करके विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अदीबा की सफलता से परिजनों में हर्ष व्याप्त है। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, माता-पिता एवं शिक्षकों के आशीर्वाद व मार्गदर्शन को दिया है।

### बीस बीघा गेंहू के फसल अवशेष जलकर स्वाहा

कैराना। गांव जहानपुरा में करीब बीस बीघा गेंहू के फसल अवशेष जलकर राख हो गए। आग से किसान का करीब चालीस हजार हजार रुपये का नुकसान हुआ है। क्षेत्र के गांव मन्नामाजरा निवासी मुसय्यब ने जहानपुरा में राजबाहे की पटरी के निकट करीब बीस बीघा भूमि ठेके पर लेकर गेंहू की फसल बो रखी थी। फसल पकने पर उसने रीपर मशीन से अनाज कटवा लिया था। जबकि फसल अवशेष खेत में ही खड़े थे, जिनका भूसा बनाया जाना था। बताया जा रहा है कि रविवार दोपहर करीब दो बजे फसल अवशेषों में अचानक आग लग गई। आग लगने की जानकारी होने पर मुसय्यब अपने परिजनों व ग्रामीणों के साथ में खेत पर पहुंचा तथा आग बुझाने का प्रयास किया। वहीं, मामले की सूचना मिलने पर क्षेत्र में पुलिस रेस्पॉन्स व्हीकल(पीआरवी) पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने आग लगने की सूचना कंट्रोल रूम पर दी। बताया जा रहा है कि करीब एक घंटा बाद दमकल की गाड़ी खेत में पहुंची। हालांकि तब तक फसल अवशेष पूरी तरह जलकर राख हो चुके थे। पीड़ित किसान ने करीब चालीस हजार रुपये का नुकसान होने की बात कही है।

# चौसाना में व्यापारियों ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च, पांकिस्तान मुदार्बाद के लगाये नारे

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**चौसाना।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में रोष व्याप्त है। रविवार की शाम को चौसाना कस्बे में भी स्थानीय व्यापारियों और समाजसेवियों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। सभी ने एकजुट होकर कैंडल मार्च निकाला और मृतको को श्रद्धांजलि अर्पित की। रविवार की शाम को कस्बे के मुख्य बाजार में व्यापारी संगठन संयुक्त व्यापार मंडल के नेतृत्व में सैकड़ों लोग एकत्र हुए और कैंडल मार्च की शुरूआत की। कैंडल मार्च हनुमान धाम से चौसाना बिजलीघर तक पहुॅचा। हाथों में मोमबत्तियाँ लिए लोग ह्लपाकिस्तान मुदार्बादह्व और ह्लआतंकवाद विरोधीह्व नारे लगाते हुए बाजार में पैदल मार्च करते रहे।



स्थानीय लोगों ने भी इस शांति मार्च में बढ़-चढ़कर भाग लिया। माहौल भावुक और देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया। कैंडल मार्च के बाद हनुमान चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। व्यापारी नेता नगराध्यक्ष कंवरपाल शर्मा ने कहा कि देश के वीरों की शहादत व्यर्थ नहीं जानी चाहिए और सरकार को आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए। समाजसेवी राजेश मित्तल ने भी लोगों से अपील की कि देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए सभी नागरिकों को एकजुट रहना होगा।इस कार्यक्रम में युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ और सभी ने एक स्वर में देश की सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ संकल्प लिया।

## ट्यूबवैलों में चोरी का आरोपित मुठभेड में घायल, साथी हुआ फरार



शामली। झिंझाना पुलिस ने गांव बल्ला माजरा में ट्यूबवैल में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए मुठभेड के बाद एक चोर को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक फरार हो गया। पकडा गया चोर पुलिस की गोली से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। 9 अप्रैल को झिंझाना क्षेत्र के गांव बल्ला माजरा में अज्ञात चोरों ने ट्यूबवैलों पर चोरी की वारदात की थी जिसके संबंध में थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया था। बीती रात झिंझाना पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए ऊन रोड स्थित स्वामी कल्याण देव स्कूल के निकट से एक चोर उमरदराज उर्फ काला पुत्र नूसा निवासी बल्ला माजरा को मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गोली से चोर घायल हो गया जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। झिंझाना थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि चोर के कब्जे से एक तमंचा, चोरी करने के उपकरण, तांबे का तार व एक बिना नंबर प्लेट की बाइक भी बरामद की गयी है, चोर का एक अन्य साथी मौके से फरार हो गया है जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है।

# ट्रैक्टर ट्रोला चोरी की घटना का खुलासा : दो चोर गिरफ्तार

■ बाबरी पुलिस ने किया खुलासा, फरार चोरों की तलाश में जुटी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**शामली।** बाबरी पुलिस ने गांव कैडी से ट्रैक्टर ट्रोला चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार करते हुए ट्रैक्टर ट्रोला व दो चाकू बरामद किए हैं, हालांकि दो चोर मौके से फरार हो गए जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल को बाबरी क्षेत्र के गांव कैडी निवासी अजय कुमार की ट्रैक्टर ट्रोला चोरी कर लिया गया था जिसके संबंध में पीडित ने बाबरी थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस तभी से चोरों की तलाश में जुटी हुई थी। रविवार को बाबरी पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो चोरों को पीके



रोड पर हाइवे के निकट से गिरफ्तार कर लिया। हालांकि दो चोर मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार किए गए चोरों ने अपने नाम अनस पुत्र अलताफ निवासी गांव सोंटा रसूलपुर थानाभवन व मनव्वर पुत्र इकराम निवासी मौहल्ला आलखुर्द कैराना बताए जबकि फरार चोरों के नाम जावेद उर्फ काला पुत्र इंतजार व खुशीमुद्दीन उर्फ खुशी पुत्र शौकीन निवासीगण गांव सोंटा रसूलपुर थानाभवन बताए। थाना प्रभारी बाबरी राहुल कादयान ने बताया कि चोरों से ट्रैक्टर ट्रोला व दो चाकू भी बरामद किए गए हैं। चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए फरार चोरों की तलाश भी की जा रही है।

# घर से बुलाकर ग्रामीण की नृशंस हत्या

## नंगली जमालपुर गांव में हुई घटना, एक नामजद व दो अज्ञात पर मुकदमा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**शामली।** आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव नंगली जमालपुर निवासी 45 वर्षीय मनोज पुत्र रणधीर सिंह बीती रात करीब 10 बजे अपने घर पर था, इसी दौरान उसके पास किसी का फोन आया लेकिन मनोज ने फोन करने वाले को आने से इंकार कर दिया। इसके कुछ गांव का ही एक युवक बाइक पर सवार होकर मनोज के घर पहुंचा तथा उसे बाइक पर बैठाकर ले गया। घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित एक ट्यूबवैल पर वे रुक गए जहां पहले से ही दो अन्य लोग भी मौजूद थे। बताया जाता है कि वहां किसी बात को लेकर उनमें विवाद हो गया और इसके बाद मनोज की गर्दन पर धारदार हथियारों से हमला किया गया। शोर शराबा होने पर आरोपित फरार हो गए। परिजन गंभीर रूप से घायल मनोज को उपचार के लिए शामली के एक निजी चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मनोज की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही आदर्श मंडी पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को अपने कब्जे में ले लिया। घटना के संबंध में मृतक के भाई भूपेन्द्र ने आदर्श मंडी थाने पर तहरीर देते हुए उपेन्द्र मुखिया पुत्र सहदेव निवासी कस्बा बनत थाना आदर्श मंडी व उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं आरोपितों की तलाश शुरू कर दी। ग्रामीणों के अनुसार मृतक मनोज के तीन बच्चे हैं जिनमें से एक आर्मी में कांस्टेबिल है।

# चोरी के वांछित आरोपी की तलाश में कैराना पहुंची हरियाणा पुलिस

कैराना। हरियाणा पुलिस ने चोरी के वांछित आरोपी की तलाश में कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा में छापेमारी की। इस दौरान आरोपी के हाथ न लगने पर पुलिस टीम को बैरंग लौटना पड़ा। रविवार को हरियाणा के जनपद करनाल के सेक्टर-13 स्थित सिविल लाइन पुलिस चौकी से एसआई बंशीलाल और एसआई अशोक कुमार कैराना कोतवाली पहुंचे। जहां पर उन्होंने आमद दर्ज कराई। इसके पश्चात, टीम ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा में चोरी के वांछित आरोपी की तलाश में दबिश दी। बताया जा रहा है कि इस दौरान आरोपी पुलिस टीम के हत्थे नही चढ़ा, जिसके चलते पुलिस टीम को खाली हाथ वापिस लौटना पड़ा।

**विश्वकर्मा धाम सेवा परिवार द्वारा अमावस्या के मौके पर भंडारे का आयोजन**

शामली। रविवार को अमावस्या के मौके पर श्री विश्वकर्मा धाम सेवा परिवार द्वारा धीमानपुरा स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बडी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस मौके पर इस मौके पर डा. राजेंद्र स्वामी, अमित विश्वकर्मा, विकास धीमान, नीरज धीमान, प्रदीप विश्वकर्मा, नरेंद्र धीमान, वेदप्रकाश मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**

दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना बिडौली ऊन चौसाना बाबरी गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
91-9082190000,
91-9997173786

ग्रामीणों ने डीसी से की शिकायत

# ग्रामीणों ने डीसी से की शिकायत, महज दस वर्ष पूर्व बने सरकारी मदरसा भवन को ढाकर नया भवन निर्माण की प्रयास का लगाया संगीन आरोप

**एनपीटी**

झारखण्ड के पाकुड़ से एक बड़ी खबर है। पाकुड़ में 10 साल पूर्व बने एक सरकारी मदरसा की इमारत / बिल्डिंग/ भवन को ढाकर/ तोड़कर नया भवन निर्माण करने का प्रयास करने की संगीन आरोप स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा संवेदक सहित अभियंता पर लगाया जा रहा है। यानी पाकुड़ जिले के प्रखण्ड पाकुड़ क्षेत्र अन्तर्गत पंचायत गंधाईपुर में अवस्थित मदरसा दारुल उलूम, हरिगंज में 10 साल पूर्व बने मदरसा भवन को ढाकर / तोड़कर नये भवन निर्माण करने का दर हकीकत प्रकाश में आया है। दरअसल पंचायत गंधाईपुर अन्तर्गत हरिगंज गांव के ग्रामीणों ने उपायुक्त, पाकुड़ को लिखित शिकायत ज्ञापन सौंपते हुए उल्लेख किया है कि पंचायत गंधाईपुर स्थित मदरसा दारुल उलूम, हरिगंज में 10 साल पूर्व बने भवन को ढाकर / तोड़कर नया भवन निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने लिखित शिकायत आवेदन में कहा है कि जब उक्त सरकारी मदरसा में 10 साल पूर्व ही बिल्डिंग का निर्माण हुआ है और सटीक/ ठीक- ठाक अवस्था में है तो फिर उक्त भवन को तोड़कर /ढाकर नया भवन निर्माण करने की जरूरत ही क्या है? ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी राशि का बंदरबांट / दुरुपयोग करने की बदनियत से ही इसमें संलिप्त लोग सहित विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से दुरुस्त/ ठीक-ठाक अवस्था में रहे मदरसा दारुल उलूम, हरिगंज की महज दस वर्ष पुरानी बिल्डिंग को ढाकर/ तोड़कर नया भवन निर्माण करने के फिराक में है। ग्रामीणों ने कहा है कि पूर्व में उपायुक्त, पाकुड़ को सौंपे गये ज्ञापन के मुताबिक जांच का निर्देश भी दिया गया था और बीते बुधवार को पंचायत सचिव की उपस्थिति में अभियंता यानी जांच टीम के द्वारा भवन का जायजा भी लिया गया। लेकिन भवन को तोड़कर/ ढाकर नया भवन निर्माण करने और सरकारी राशि का दुरुपयोग करने के बदनियत से संवेदक की ओर से गुरुवार को उक्त सरकारी मदरसा भवन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिसका वीडियो भी वायरल हो चुका है। ग्रामीणों ने उपायुक्त, पाकुड़ से आवश्यक कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि इस वृतांत में संलिप्त लोगों के विरुद्ध नियम मुताबिक कार्रवाई करते हुए दोषियों को न्याय संगत सजा दी जाए। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यार्थी के अनुपात में उल्लेखनीय मदरसा दारुल उलूम, हरिगंज की भवन में मौजूद रुम काफी है और यदि बनाना ही है तो पुराने वाले भवन के छत के उपर यानी उसे दो मंजिला बना देने से ही काफी है। मगर सरकारी राशि की दुरुपयोग की बदनियत से अच्छा- खासा मदरसा भवन को ढाकर नया भवन निर्माण करना अनुचित होगा। मगर सवालिया निशान तब आता है कि जब महज 10 साल पहले ही बने उक्त सरकारी मदरसा दारुल उलूम, हरिगंज की भवन ठीक-ठाक और दुरुस्त अवस्था में है तो फिर उसे तोड़कर/ ढाकर नया भवन निर्माण करने की जरूरत ही क्या है?

# जनसम्पर्क के दौरान सांसद ने ग्रामीणों की सुनी समस्या, समाधान हेतु अधिकारियों को दिया निर्देश



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), राजमहल संसदीय क्षेत्र से हैट्रिक लगाये सांसद विजय हसदा ने पाकुड़ प्रखण्ड क्षेत्र के पंचायत नरोत्तमपुर, रामचंद्रपुर, कुमारपुर, मनकापारा, जमशेदपुर व मदनमोहनपुर पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा कर आम जनों की समस्याओं से रूबरू हुए। तत्पश्चात स्थानीय कार्यक्रम को सम्बोधित भी किया। साथ ही सांसद विजय हसदा ने लोगों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। वही सांसद विजय हसदा ने सम्बोधित करते हुए झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर वास्तविक स्वरूप चरितार्थ करने की अवयवों को दशार्या। साथ ही वादे के मुताबिक हेमन्त सरकार द्वारा की जा रही जन उपयोगी विकास कार्यों का ध्यानाकर्षण भी कराया। सांसद विजय हसदा ने कहा कि राज्यहित में हेमन्त सरकार द्वारा की जाने वाली जन उपयोगी विकास कार्य आने वाले समय में धरातल पर वास्तविक स्वरूप चरितार्थ करने उत्कृष्ट कार्यशैली निश्चित रूप से धरातल पर दिखेगा। उन्होंने केन्द्र सरकार की विफलताओं को जनता का ध्यानाकर्षण कराते हुए कहा कि हमारी झारखण्ड सरकार वादे के मुताबिक हर एक जन उपयोगी विकास कार्यों को धरातल पर अमलीजामा पहनाने की लगातार प्रयासरत है जो आप दिख रहे हैं। उन्होंने कहा आने वाले पांच वर्षों के दरमियान जनहितार्थ में कई सारे विकास कार्यों से राज्य के हर तबका निश्चित रूप से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि अन्तिम वंचित तबके तक को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के ध्यानार्थ हेमन्त सरकार लगातार नजर बनाये हुए हैं, जिस हेतु समय-समय पर अपके दरवाजे तक सरकारी मुलाजिम यानी अधिकारी आपके समस्याओं के निष्पादन हेतु शिविर/ कार्यक्रम आयोजित कर समस्याओं से रूबरू होने के साथ-साथ आवश्यक कार्यवाही करते हुए लोगों को लाभान्वित कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम, उपाध्यक्ष हाजी समाद अली, पूर्व जिलाध्यक्ष सह- केन्द्रीय समिति सदस्य श्याम यादव, प्रखण्ड अध्यक्ष मुसलेहुद्दीन शेख, हबिबुर रहमान, मोबारक हुसैन, मोसारफ शेख समेत काफी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राज डाढ़ में पानी भरने की समस्या पर कड़ा रुख, 30 अप्रैल से विशाल धरने की चेतावनी



महगामा :आज माननीय मंत्री दीपिका पांडे सिंह के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) महागामा के नेतृत्व में राज डाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। यह क्षेत्र हुर्रा सी कोलफील्ड्स के कारण पूरी तरह पानी से भर गया है, जहां अब कोयला लोडिंग का प्लांट भी स्थापित कर दिया गया है। इससे स्थानीय किसानों और ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान कोलफील्ड के महाप्रबंधक (जीएम) के साथ रोहिणी, नारायणपुर, फुलवरिया, हरिपुर, हरकट्टा, भेसा वरण और डाढ़ गांवों का दौरा किया गया। इस मौके पर महादेव बथान पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बबलू सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि जिला परिषद प्रतिनिधि अब्दुल मन्नान सिद्दीकी, विपिन बिहारी सिंह तथा क्षेत्र के 10 पंचायतों के मुखिया एवं ग्राम प्रधान भी उपस्थित थे। बैठक में तय किया गया कि यदि दो दिनों के भीतर इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो 30 अप्रैल को राज डाढ़ से प्रभावित सभी गांवों के किसान अनुमंडल पदाधिकारी महागामा के कार्यालय के समक्ष एक विशाल धरना-प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन और कोलफील्ड प्रबंधन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि अब धैर्य की सीमा समाप्त हो चुकी है, और यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। गौरतलब है कि इस समस्या के समाधान से हनवारा पंचायत, कोयला पंचायत, हसन करहरिया पंचायत, रामकोल पंचायत, परसा पंचायत, नयानगर पंचायत और गढ़ी पंचायत के ग्रामीणों को भी लाभ मिलेगा।

# विधालय में पेयजल की व्यवस्था नहीं रहने से छात्रों को हो रही परेशानी



मेहरमा(गोड्डा ): गर्मी की हीटवेब लगातार बढ़ रही है। पेयजल की समस्याएं भी कई जगहों पर मंडराने लगी है। इसी क्रम में मेहरमा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत घोरीचक स्थित मध्य विद्यालय में छात्र व शिक्षक विधालय में चापाकल खराब व बंद रहने के कारण पेयजल की समस्या जूझ रहे हैं। एक तरफ शिक्षा विभाग जहां बड़े-बड़े दावे करती है,तो दूसरी तरफ उनका दावा फेल होते हुए दिख रहा है। बढ़ती गर्मी व हीटबेव में मध्य विद्यालय घोरीचक के बच्चों को पेयजल नहीं मिल पा रहा है।मीड डे मिल बनाने के लिए व छात्रों के लिए पेयजल विधालय के समीप स्थित एक कुंआ से लाना पड़ता है। वहीं इस संबंध में विधालय के प्रधानाध्यापक ने कहा कि स्थानीय मुखिया एवं विभाग को पत्र के माध्यम से खराब चापाकल को ठीक करने के लिए सूचना अवगत कराया लेकिन इस पर कोई पहल नहीं हुआ। जहां मुखिया का कहना है की नल जल योजना शुरू होते ही पेयजल की समस्या दूर हो जाएगी।एक वर्ष से चापाकल खराब होने से खासकर विधालय में छोटे-छोटे बच्चों को पेयजल की जमकर परेशानीयां हो रही है।अब देखने वाली बात होगी कि खबर प्रकाशित होने के बाद क्या असर होता है।

# पक्षियों का जीवन बचाने के लिए संस्था बी.आर. फाउण्डेशन बाट रही परिंडे

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**



नीमच,रामपुरा। भीषण गर्मी में पक्षी तथा जीव जंतु पानी की तलाश करते हैं। ऐसी स्थिति में प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होता है कि पक्षियों को शीतल जल उपलब्ध कराए ताकि। उनके जीवन की रक्षा हो सके। इसी उद्देश्य को लेकर मध्य प्रदेश की संस्था बी.आर. फाउंडेशन द्वारा बेजुबान पशु पक्षियों को भोजन पानी उपलब्ध कराने के लिए 21हजार सकोरे जल पात्र लगाती है।। आज संस्था द्वारा नीमच जिले के रामपुरा में 500सौ सकोरे आम लोगों में निःशुल्क वितरित किए। एवं सार्वजनिक प्रशासनिक जगह पर लगाए गए।। कार्यक्रम की शुरूआत में संस्था के संस्थापक कृष्ण परिहार द्वारा हरि झंडी दिखाकर की गई।। वहीं लालबाग चौक से सरकारी अस्पताल तक हर दुकान पर सकोरे वितरण किए। वहीं सरकारी अस्पताल, नवोदय विद्यालय, पीजी कॉलेज, आईटीआई, पुलिस थाना में परिंडे लगाएं गए।। एवं प्रतिदिन पानी डालने का संकल्प लिया।।

उक्त कार्यक्रम में संस्था के रामपुर टीम ईकाइ के पदाधिकारी पंकज बामणिया, सूरज धनगर, अरविंद दांगी, विष्णु मालवीय, आयुषी अरोड़ा, सफलता मुजावदिया, शिल्पा सेठीया, शिवानी मुजावदिया, अंतिम सेन, नेहा सुथार, प्रेरणा सुथार, दीपांशु झा, हेमंत मेघवाल,पवन सोलंकी, यशवंत रेगर, प्रहलाद, अरुण आदी बड़ी संख्या में संस्था के पदाधिकारी एवं आम लोग मौजूद रहे।।

# तेज रफ्तार हाईवा ने मोटरसाइकिल चालक को मारा धक्का, पिता- पुत्री हुए घायल

**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला अन्तर्गत बालूमाथ-पाकी मुख्य पथ पर स्थित बनियों ग्राम के समीप रविवार को एक कोयल लदा अज्ञात हाईवा ने मोटरसाइकिल चालक लालदेव उरांव (उम्र करीब 48 वर्ष, पिता सुखदेव उराँव) एवं उनकी सुपुत्री विनीता कुमारी ( उम्र करीब 15 वर्ष) को धक्का मारा, जिससे दोनों पिता- पुत्री घायल हो गये। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से दोनों पिता-पुत्री को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां चिकित्सक सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया। लालदेव उरांव ने बताया कि हम लोग शादी समारोह में शामिल होने अपने रिश्तेदार के घर चितरपुर ग्राम गए हुए थे एवं वापस अपने घर जाने के दौरान एक हाईवा ने मेरे बाइक को धक्का मार दिया। जिससे हमलोग गिरकर घायल हो गये।

वही धक्का मारने वाला हाईवा फरार हो गया। ज्ञात हो कि इन दिनों तूबैद से कुसमाही रेलवे साइडिंग तक कोयला परिवहन करने वाले हाईवा से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ी है।

# सीएम हेमन्त सोरेन ने वैश्विक प्रौद्योगिकी नेताओं के साथ की रणनीतिक चर्चा

एनपीटी, मैड्रिड में कन्स्ट्रक्टअ पुनर्निर्माण प्रदर्शनी की अपनी यात्रा के दौरान, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सक्रिय रूप से निर्माण और शहरी विकास क्षेत्रों में अग्रणी नवाचारों की खोज की। उन्होंने वैश्विक प्रौद्योगिकी नेताओं के साथ रणनीतिक चर्चा की और लिग्नम टेक (मॉड्यूलर और पूर्वनिर्मित निर्माण में विशेषज्ञ), सोप्रेमा ग्रुप (टिकाऊ निर्माण सामग्री और इन्सुलेशन समाधान में अग्रणी), और साइट साल (स्मार्ट सिटी और शहरी बुनियादी ढांचा प्रौद्योगिकियों में विशेषज्ञ) सहित प्रमुख स्टालों का दौरा किया। उनकी यात्रा भविष्य की विकास पहलों में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को एकीकृत करने की मजबूत प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

# पिकअप वैन चोरी, मालिक ने थाना में दिया आवेदन

**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला अन्तर्गत बालूमाथ प्रखण्ड के भैसादोंन ग्राम निवासी मो.मुस्ताक (पिता मो.अलताफ ) ने रविवार को बालूमाथ थाना में आवेदन देकर अपना पिकअप वैन चोरी हो जाने का शिकायत दर्ज कराया है । दिये आवेदन में मुस्ताक ने कहा है कि मैं मो.जसीम (पिता मो. सलीम ग्राम चटवल थाना मांडर निवासी ) से पिकअप वैन जेएच 01सीजी 9130 वर्ष 2017 में खरीदा था, तबसे मै नाम ट्रांसफर नही कराया था। सिर्फ एग्रीमेंट पर गाड़ी चला रहा था। लगभग 8 वर्षों तक किसी प्रकार का कोई दिक्कत परेशानी नहीं हुई ।उक्त गाड़ी को मैं हमेशा अपने घर के बगल में खड़ा करता था । पिता की बीमारी के कारण मैं काफी दिनों से बाहर गया हुआ था और जब वहां से लौटा तो पाया कि घर के पास से गाड़ी गायब हो गया है।जिसके बाद काफी खोजबीन किया। मगर गाड़ी का कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद मैने प्राथमीकी दर्ज कराने को लेकर बालूमाथ थाना में आवेदन दे रहा हूं। वही दिये गये आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के ध्यानार्थ रेलवे स्टेशन में की एंटी सेबोटाज चेकिंग

**एनपीटी ब्यूरो,**

पाकुड़ (झा०खं०), जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमले को ध्यान में रखते हुए आरपीएफ पोस्ट पाकुड़ और जीआरपीएस/पाकुड़ के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से एंटी सेबोटाज चेकिंग की गई। इस दौरान रेलवे ट्रैक और पाकुड़ रेलवे स्टेशन की जांच की। साथ ही प्लेटफार्म पर मौजूद यात्रियों के बैग अन्य की तलाशी ली। इस जांच के दौरान कोई भी असामान्य वस्तु नहीं मिली।

# किडनी चोर के शक में ग्रामीणों ने पुलिस गश्ती दल पर किया हमला, चार पुलिस हुए घायल

एनपीटी

झारखण्ड के साहेबगंज जिले के बरहेट थाना क्षेत्र के भोगनाडीह पंचायत में पुलिस गश्ती दल पर किडनी चोर के शक में ग्रामीणों ने हमला कर दिया बता दे कि साहिबगंज के बरहेट थाना क्षेत्र के चिहार पहाड़ गांव में यह घटना गुरुवार को घटी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गुरुवार देर रात किड़नी चोर की अफवाह के शक में गांव वालों ने पुलिस गश्ती पर अचानक हमला कर दिया, पुलिस की गाड़ी के साथ तोड़फोड़ भी की। ग्रामीणों के इस हमले में चार पुलिसकर्मी घायल हो गये, इनमें से एक को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। गौरतलब हो कि बीते गुरुवार देर रात थाना क्षेत्र के भागनाडीह पंचायत के चिहार पहाड़ गांव में किडनी चोर के आने की अचानक अफवाह उड़ी। देखते ही देखते सैकड़ों लोग जमा हो गया । इस दौरान जैसे ही पुलिस का गश्ती दल गांव पहुचा ग्रामीणों ने उन्हें नकली पुलिस समझकर उनपर हमला कर दिया।जिससे ड्यूटी में तैनात एएसआई पवन कुमार सिंह, आरक्षी 318 मो. सादिक अली, हवलदार ललित चौहान, गश्ती वाहन चालक सुनील मडैया गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर, मामले की जानकारी मिलते ही बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और सभी घायल पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहेट लाया गया। हवलदार ललित चौहान की आंख के पास गंभीर चोट लगी है। इस वजह से डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। वही इस वृतांत को लेकर थाना प्रभारी पवन कुमार ने 20 नामजद और 50-60 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। साथ ही पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# झारखण्ड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति ने की बैठक, दिया दिशा- निर्देश

**एनपीटी**



झारखण्ड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति ने शुक्रवार देर शाम एवं शनिवार को पाकुड़ परिसदन में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति उदय शंकर सिंह ने किया। बैठक में समिति के सदस्य जिगा सुसारण होरो, संजीव सरदार, रोशल लाल चौधरी उपस्थित थे। मौके पर उपायुक्त मनीष कुमार, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी सौरभ चन्द्रा, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरूण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार, खनन निरीक्षक सुबोध सिंह एवं जिला स्तरीय सभी पदाधिकारीगण आदि उपस्थित थे। समिति के सभापति उदय शंकर सिंह ने क्रमवार खनन विभाग, प्रदूषण बोर्ड, वन प्रमंडल, परिवहन विभाग, नगर परिषद समेत अन्य विभागों एवं विभिन्न उद्योग प्रतिनिधियों पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण नियंत्रण के दिशा में किये गये कार्यों के संबंध में जानकारी ली, और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। सभापति ने पाकुड़ जिले में हो रहे चौतरफा विकास की सराहना की। इससे पूर्व, उपायुक्त व जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी ने झारखण्ड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति* के सभापति एवं सदस्यों को पौधा एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। सभापति एवं सदस्यों ने विभिन्न माइंस एवं क्रशर का स्थल निरीक्षण किया। झारखण्ड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति के सभापति एवं सदस्यों के द्वारा पाकुड़ जिला अन्तर्गत महेशपुर अंचल के विभिन्न माइंस एवं क्रशर का स्थल निरीक्षण किया गया एवं प्रदूषण /पर्यावरण के मानकों को शत-प्रतिशत अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

# शहर के लटकते खंभे और झूलते तारों से

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। विभिन्न योजनाओं के नाम पर ऊर्जा निगम की ओर से करोड़ों रुपये विद्युत सुधार के लिए खर्च हो चुके हैं। लेकिन उसके बाद भी व्यवस्थाएं जस की तस हैं। आरडीएसएस के तहत जनपद में 17151 खंभे बदले और नए लगाये गए हैं। लेकिन उसके बाद भी शहर में टेढ़े खंभों और लटकते तारों की भरमार है और यह शहर के सबसे पॉश इलाकों का हाल है। इससे जरा बचकर चलना होगा, जिससे हादसा होने पर कहीं आप चपेट में न आ जाएं। शहर के बीच महिलाओं के मुख्य बाजारों में से एक सीताराम बाजार (तुराब नगर) में तो हाल यह है कि आधे तारों को बदल दिया गया है और आधे वैसे ही लटक रहे हैं। जबकि इस बाजार में शार्ट सर्किट की वजह से दो बार आग लगने की घटना हो चुकी है। शनिवार को आरडीएसएस और बिजनेस प्लान के



कार्यों की अमर उजाला की टीम ने पड़ताल की।

**अधीक्षण अभियंता कार्यालय के बाहर जर्जर हो चुका है खंभा**

ऊर्जा निगम की ओर से पूरे शहर में खंभों को दुरुस्त किया गया है, लेकिन अधीक्षण अभियंता कार्यालय के बाहर यह खंभा कुछ और ही बयां कर रहा है। यह खंभा नीचे से पूरी तरह से जंग खाकर सड़ चुका है। इसी मार्ग से ऊर्जा निगम के अधिकारियों का आना जाना भी होता है। लेकिन उसके बाद भी यह दुरुस्त नहीं हो सका है।

एक दूसरे के सहारे बिजली के पोल

शहर के मुख्य इलाकों में से एक नेहरू नगर में यह खंभे एक दूसरे के सहारे टीके हुए हैं। कुछ दिन पहले आई आंधी के समय भी यहां फॉल्ट होने की वजह से करीब आठ घंटे तक बिजली गुल रही। तेज हवाओं के कारण तारों के आपस में टकराकर शॉर्ट करने का खतरा बना रहता है। उसके बाद भी इस ओर किसी जिम्मेदार का ध्यान नहीं जा रहा है।

**तारों का जंजाल**

शहर में 100 स्थानों पर लटकते तारों के जंजाल को दुरुस्त किया जाना था। लेकिन उसके बाद भी शहर में हर जगह लटकते तारों का जंजाल देखने को मिल जाएगा। रामनगर स्थित यह गली योजनाओं और ऊर्जा निगम के दावों की हकीकत जानने के लिए पर्याप्त है। यहां छह से सात फिट पर तारों का जंजाल लटका हुआ है। इससे कभी भी हादसा हो सकता है।

अधीक्षण अभियंता जोन एक से एके सिंह ने कहा कि आरडीएसएस के तहत कई स्थानों पर नए खंभे लगाए गए और कई को बदला गया। योजना के तहत कार्य पूरा हो चुका है, अब यह खंभे क्यों ऐसे हैं, इसकी जानकारी कराई जाएगी।

# उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ का अधिवेशन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



कानपुर। नगर निगम स्थित प्रमिला सभागार मोती झील कानपुर में दोपहर 12:00 बजे माननीय महापोर श्रीमती प्रमिला पाण्डे जी के कर कमलों से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया गया ' तत्पस्चात विधिवत महासंघ का अधिवेशन प्रारंभ हुआ जिसमे प्रदेश कार्यकारणी का आम सहमती से निर्वाचन किया गया ' महासंघ के दूसरे चरण में प्रदेश कार्यकारणी के निर्वाचित सभी पदाधिकारियों / सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह माननीय महापोर कानपुर,माननीय विधायक श्री सुरेन्द्र मेथानी,माननीय विधायक श्रीमति नीलिमा कटियार एवं बीह्र जेह्र पीह्र जिलाध्यक्ष उत्तर श्री अनिल दीक्षित आदि अथितियों की गरिमामय उपस्थिति में नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष श्री शशि कुमार मिश्र,प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष श्री राकेश अग्निहोत्री,प्रदेश महामंत्री श्री रमाकान्त मिश्र,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर गाजियाबाद नगर निगम से श्री प्रदीप शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री रविन्द्र कुमार, प्रदेश मन्त्री श्री जयदेव कौशिक, प्रदेश संगठन मंत्री श्री कुलदीप शर्मा, क्षेत्रीय प्रदेश अध्यक्ष (पश्चिम) श्री सलीम अब्बासी एवं प्रदेश सदस्य कार्यकारणी में श्री संजय कुमार वर्मा, श्री राजीव शर्मा, श्री संजय त्यागी, श्री मनोज शर्मा निर्वाचित घोषित किये गये ' माननीय महापोर जी कानपुर द्वारा सभी को सपथ ग्रहण कराया गया '

# 10-10 मिनट करके हो रही तीन से चार घंटे की अघोषित कटौती

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। भीषण गर्मी के दौरान हर आधे घंटे पर दस मिनट के लिए बिजली कट जा रही है। स्थिति यह है कि नगर क्षेत्र में भी बिजली कटौती बढ़ने से व्यापार और उद्यम पर भी बुरा असर पड़ रहा है। बिजली कटौती होने के कारण लोग घर में सुकून से नहीं रह पा रहे हैं। सुबह की बार-बार की कटौती से लोगों को पानी की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है।

गर्मी की तल्खी बढ़ने के साथ अब बिजली की आंख मिचौली भी बढ़ने लगी है। नगर क्षेत्र में हर आधे घंटे पर दस मिनट की कटौती हो रही है। घरों में कूलर, एसी, पंखे से जब तक लोगों को राहत मिलती है, तब तक फिर से बिजली कट जाती है। ऐसी स्थिति में गर्मी के मारे लोग परेशान हैं। शहर के साथ गांवों में भी बिजली सप्लाई की स्थिति बदतर है। लोगों के मुताबिक प्रतिदिन चार से पांच घंटे की अघोषित कटौती हो रही है।

कैलाभट्ठा के रहने वाले अमित ने बताया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में बिजली की समस्या बनी हुई है। लगातार दस-दस मिनट कर-के कई बार बिजली की कटौती हो रही है। तापमान बढ़ने के साथ ही बिजली कटौती के घंटे भी बढ़ गए हैं। दिन-रात के समय न बिजली आने का समय है और न ही जाने का। संजयनगर के गौरव सिंह ने बताया कि देर रात और दोपहर के समय भी बिजली कटौती की जा ही है। जिससे लोगों की न तो रात में नींद पूरी हो रही है और न ही दिन में सुकून मिल रहा है। मौसम के साथ ही कटौती की समस्या बढ़ गई है।

व्यापार पर भी हो रहा है असर- बिजली कटौती बढ़ने से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र के उद्यम स्थलों में भी कटौती से उद्यमियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उद्यमी उपेंद्र गोयल ने बताया कि बिजली कटौती के कारण छोटे-छोटे व्यापारियों को उनके उत्पाद को सुरक्षित रखने, बनाने के लिए जेनरेटर व अन्य माध्यम पर निर्भर होना पड़ रहा है। इससे उत्पाद की लागत भी बढ़ी है।

कागजों में हो रही 24 घंटे सप्लाई : ऊर्जा निगम के अधिकारियों की मानें तो शहर में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। लेकिन हकीकत सिर्फ कागजों में है। कटौती पर ऊपर के अधिकारियों की ओर से जब भी पूछताछ की जाती है तो क्षेत्रीय अधिकारी अपने उपकेंद्र की सप्लाई के कागज लेकर दिखाते हैं कि यहां 24 घंटे सप्लाई हो रही है। जबकि पूरे उपकेंद्र की बिजली किसी बड़े फॉल्ट पर ही बंद होती है। उपकेंद्र के इलाकों में थोड़ी-थोड़ी देर की कटौती को अधिकारी कटौती मानने को तैयार नहीं हैं। जबकि इसी कटौती से लोगों को परेशानी हो रही है।

अधीक्षण अभियंता एके सिंह ने बताया कि सभी उपकेंद्रों से लगभग 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जा रही है। कुछ स्थानों पर फॉल्ट आने पर कटौती की समस्या हो रही है। उसे दुरुस्त करके आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है।

# नामोली के किसानों ने ग्रेटर नोएडा में आयोजित की प्रेस वार्ता

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में निमोली के किसानों ने प्रेस वार्ता में अपना पक्ष रखा। बताते चले कि कोतवालपुर लोनी गाजियाबाद के किसानों ने सन 1945 में 350 एकड़ करीब 1800 बीघा जमीन खरीदी जिसका बैनामा भी हुआ था। इस मामले में किसानों ओर उनके वारिसों का टी-सीरीज कंपनी एवं अन्य भूमाफियाओं से विवाद चल रहा। क्योंकि टी सीरीज ने कागजों में हेराफेरी की थी।करीब 35 सालों के बाद ग्रेटर नोएडा ऑथोरिटी ने अवैध कब्जे ध्वस्त कर दिए। उसके बाद से टी सीरीज एवं अन्य ने भूमि पर कब्जे के लिए धन बल का प्रयोग शुरू कर दिया। उसके बाद किसान परवारों की महिलाएं और पुरुषों ने एक ज्ञापन डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मियां खान को अपनी सुरक्षा के लिए दिया। जिसमें टी सीरीज एवं अन्य माफियाओं का नाम दिए। डीसीपी ने उनके खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया। टी सीरीज एवं माफियाओं ने 25/04/2025 को एक प्रेस वार्ता कर अपना पक्ष रखा जिसमें उन्होंने अपने आपको इस भूमि का मालिक बताया। इसके जवाब में निमोली के किसानों ने 26/4/2025 को प्रेस क्लब ऑफ ग्रेटर नोएडा में प्रेस वार्ता आयोजित की। किसानों ने आरोप लगाया कि यह ठउफ अबतक का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार है करीब 1800 बीघा जमीन करीब 30000 रुपए करोड़ की है जो कि टी सीरीज कंपनी एवं अन्य ने किया है। मूल खरीदार किसानों के वारिसों ने मांग कि सरकार इस मामले की रव्ळ से निष्पक्ष जांच करवाए। इस अवसर पर भारी संख्या में महिलाएं पुरुषों सहित सभी किसानों में धर्मपाल,किशन,सुभाष चंद कसाना, चंद्रपाल, चंद्रपाल, धरम, बिरमी, धर्मेंद्र,सतीश, शेखर ,आशीष कसाना,उपस्थित रहे।

# राजनगर एक्सटेंशन की एक सोसाइटी में देर रात झगड़ा

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



गाजियाबाद के थाना नंदग्राम अंतर्गत राजनगर एक्सटेंशन की एक सोसाइटी में देर रात झगड़ा हो गया और झगड़े ने इतना विकराल रुप ले लिया कि थाना नंदग्राम तक जा पहुंचा एक परिचित की तरफ से पीड़ित धीरज शर्मा जब थाने पहुंचे तो इनकी झड़प थाना नंदग्राम पर पुलिस स्टाफ से हो गई इन्होंने आरोप लगाया है कि मेरे शरीर पर जो चोट के निशान है वह पुलिस की बर्बरता को बयां करते हैं पीड़ित का कहना है कि अगर इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई तो मैं आत्महत्या कर लूंगा वहीं देर रात महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल शहर अध्यक्ष संजीव शर्मा सहित अन्य पार्टी के कार्यकर्ता भी पहुंच गए और जमकर थाना नंदग्राम पर हंगामा किया।

# गर्मी बढ़ने से आरोग्य मेले में मरीजों की भीड़, डिहाइड्रेशन के मामले बढ़े

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। भीषण गर्मी का असर अब स्वास्थ्य पर भी साफ नजर आने लगा है। रविवार को जिले भर के 66 केंद्रों पर लगे आयुष्मान आरोग्य मेलों में मरीजों की संख्या में भारी इजाफा देखने को मिला। आंकड़ों के अनुसार, इस बार कुल 4146 मरीजों ने आरोग्य मेले में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई। इनमें से करीब 60 फीसदी मरीज डिहाइड्रेशन, थकान और बदन दर्द जैसी गर्मी से जुड़ी समस्याओं से पीड़ित थे।

आयुष्मान आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि 20 अप्रैल को आयोजित आरोग्य मेले में कुल 2851 मरीजों ने इलाज कराया था। एक सप्ताह के भीतर ही मरीजों की संख्या में करीब 45 फीसदी का इजाफा हुआ है। नोडल का कहना है कि भीषण गर्मी पड़ने से मरीजों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि मरीजों को तत्काल राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि आरोग्य मेले में जनरल फिजीशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ और आयुष चिकित्सकों की टीमें तैनात रहीं। इसके साथ ही जरूरी दवाइयां भी मौके पर उपलब्ध कराई गईं। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना है, इसलिए आरोग्य मेलों में चिकित्सा सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा। डॉ. गुप्ता ने कहा कि लगातार बढ़ती गर्मी के बीच लोगों को खानपान और दिनचर्या पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से बचा जा सके।

**832 मरीजों को किया गया रेफर**

नोडल अधिकारी ने कहा कि बढ़ती गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन के मामले तेजी से बढ़े हैं। इसके अलावा कई मरीजों को खून, अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन कराने के लिए 832 मरीजों को एमएमजी, संयुक्त और महिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। उन्होंने बताया कि डिहाइड्रेशन से बचने के लिए लोगों को दिन में अधिक से अधिक पानी पीने, धूप में बाहर निकलने से बचने और हल्के व सूती कपड़े पहनने की सलाह दी गई है।

# तिरंगे के अपमान का आरोप लगाकर किया हंगामा

मोदीनगर। निवाड़ी रोड स्थित एक दुकान पर राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का आरोप लगाकर हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने रविवार शाम जोरदार हंगामा किया। आरोप है कि फैब्रिकेटर ने राष्ट्रीय ध्वज मेज के पाय में बांधा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर भीड़ को शांत कराया। पुलिस ने आरोपी दुकानदार को हिरासत में ले लिया है। घटना से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

निवाड़ी मार्ग स्थित भारत एल्युमीनियम फैब्रिकेशन के नाम से एक दुकान है। रविवार शाम हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि दुकान पर राष्ट्रीय ध्वज मेज के पाये से बांधा गया है। वरिष्ठ नेता नीरज शर्मा कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। नीरज ने आरोप लगाया कि दुकानदार ने राष्ट्रीय ध्वज मेज के पाये से बांध रखा था और उसके चारों तरफ गंदगी पड़ी थी। इसे देख कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने दुकानदार पर कार्रवाई की मांग कर हंगामा किया। आरोप लगाया कि दुकानदार ने जान बूझकर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि दुकानदार से पूछताछ की जा रही है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# गंग नहर में कम हुआ पानी का स्तर नहीं मिला गंगाजल

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

साहिबाबाद। गंग नहर में पानी का स्तर कम होने से 100 क्यूसेक क्षमता वाले प्रताप विहार प्लांट तक पानी न पहुंचने से शनिवार शाम को करीब छह लाख लोगों को पानी नहीं मिल सका। रविवार की सुबह भी लोगों को पानी मिल सकेगा या नहीं इस पर असमंजस है।

पिछले दो माह में ऐसा चौथी बार हुआ है जब अधिकारिक रूप से गंगाजल प्लांट के अधिकारियों ने भी माना है कि वह प्लांट से पानी की सप्लाई समुचित रूप से नहीं कर पा रहे हैं। शनिवार की सुबह भी 100 क्यूसेक की क्षमता वाले प्रताप विहार प्लांट से पानी की आपूर्ति नहीं होने से शाम के समय इंदिरापुरम, वैशाली, वसुंधरा, कौशांबी, बृज विहार, सहित कई इलाकों में लोगों को गंगाजल नहीं मिल सका। कुछ इलाकों में गंगाजल की सप्लाई हुई भी तो लोगों ने बताया कि वह बहुत ही गंदा और बदबूदार था। वहीं गंगाजल प्लांट के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार शाम के समय भी प्लांट को गंगनहर से बहुत ही कम क्षमता में गंगाजल मिला है। ऐसे में रविवार को भी दिक्कत बनी रह सकती है।

# संस्कार भारती राजनगर एक्सटेंशन ईकाई द्वारा भू अलंकरण दिवस का आयोजन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद, संस्कार भारती राजनगर एक्सटेंशन ईकाई के सौजन्य से रविवार को एस एस सी सफायर सोसायटी में भू अलंकरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राजनगर एक्सटेंशन ईकाई के विभिन्न गणमान्य सदस्यों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल उपाध्यक्ष नन्दग्राम मंडल भाजपा गाजियाबाद डॉक्टर अभिषेक शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष संस्कार भारती अतुल भटनागर, वरिष्ठ कार्यकर्ता कैप्टन गोपाल सिंह एवं मनोज अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात सामूहिक सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके बाद अमृता श्रीवास्तव ने ध्येय गीत प्रस्तुत किया। डा विन्दू वराच और प्राची मिश्रा ने पृथ्वी माता पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य वक्ता कार्यकारी अध्यक्ष अतुल प्रकाश भटनागर ने भू



अलंकरण का महत्व बताते हुए कहा कि यह कला धरती को सजाने और प्रकृति के प्रति प्रेम और आदर व्यक्त करने का एक तरीका है। उन्होंने कहा कि भू अलंकरण भारत की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

वरिष्ठ कार्यकर्ता कैप्टन गोपाल सिंह ने कहा कि संस्कार भारती राजनगर एक्सटेंशन ईकाई के विभिन्न सोसायटीज से आए कार्यकताओं ने आज संस्कार भारती के कार्य को अपनी अपनी सोसायटीज में बढ़ाने का संकल्प लिया है।

कार्यक्रम में मनोज अग्रवाल द्वारा पहलगाम में हुए आतंकवाद की निंदा की गई और दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण किया गया। श्रीमती आशा जी ने कहा कि संस्कार भारती का एक कार्यक्रम उनकी सोसायटी में भी रखा जाए।

अंत में, संस्कार भारती के वरिष्ठ कार्यकर्ता दीपक जी ने सभी का धन्यवाद किया और कार्यकारी अध्यक्ष अतुल भटनागर के द्वारा किए गए शांति पाठ के पश्चात कार्यक्रम समाप्त हो गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सरोज पाठक, आशा ज्योति, दीपक श्रीवास्तव, बीना वार्ष्णेय एवं डा विन्दू वराच आदि कार्यकताओं ने मुख्य भूमिका निभाई।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।